आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 17 अंक -3 ● जबलपुर ● गुरुवार, 2 फरवरी, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● माघ शुक्ल पक्ष 12 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## तमिलनाडु में बेमौसम बारिश का कहर

**चैन्नई, एजेंसी।** देशभर में मौसम के अलग-अलग रंग देखने को मिल रहे हैं। पहाड़ों पर जहां बर्फबारी हो रही है, वहीं मैदानी इलाकों में अभी ठंड का असर बना हुआ है। ताजा खबर तमिलनाडु से है जहां बेमौसम बारिश ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है।तमिलनाडु के नागापट्टिनम में बुधवार रात से बेमौसम बारिश के कारण स्कूलों और कॉलेजों में गुरुवार की छुट्टी घोषित कर दी गई। तिरुवरुर जिले के स्कूलों ने भी गुरुवार को छुट्टी है।

## मुंबई में 33.60 करोड़ की कोकीन बरामद

**मुंबई ,ईएमएस।** मुंबई एयरपोर्ट पर 33.60 करोड़ रुपए की कोकीन बरामद की गई है। एक अधिकारी ने कहा कि राजस्व खुफिया निदेशालय मुंबई ने एक शख्स की तलाशी के दौरान ड्रग्स बरामद की है। अधिकारी के मुताबिक, एक शख्स के पास 3.36 किलोग्राम कोकीन मिली है। इसकी कीमत 33.6 करोड़ रुपए बताई जा रही है। वो साबुन में छुपाकर इसे ले जा रहा था। ऐसे 16 बॉक्स मिले हैं।

# अडानी पर हिंडनबर्ग रिपोर्ट से संसद से सड़क तक हंगामा

**नई दिल्ली, ईएमएस। कारोबारी गौतम अडानी की कंपनियों को लेकर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट पर राजनीतिक हंगामा भी तेज गया है। एक तरफ इसके चलते शेयर बाजार में अडानी समूह की कंपनियां लुढ़क रही हैं तो वहीं संसद में भी विपक्ष हमलावर है।**

## चर्चा पर अड़े 13 विपक्षी दल





गुरुवार को कांग्रेस आम आदमी पार्टी, डीएमके शिवसेना जेडीयू, एनसीप और वामदलों समेत कई पार्टियों ने मीटिंग की। इस बैठक में संसद में अडानी ग्रुप पर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को लेकर चर्चा की मांग करने पर सहमति बनी। इसके बाद संसद की कार्यवाही शुरू हई तो सभी विपक्षी दल ने एक सुर से अडानी के मुद्दे पर चर्चा की मांग उठाई और हंगामा शुरू कर दिया। इसके चलते कार्यवाही 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है। कुल 13 दलों की एकता अडानी ग्रुप के शेयरों में गिरावट के मुद्दे पर सामने आई है। इन पार्टियों ने हिंडनबर्ग रिपोर्ट को लेकर चर्चा की मांग की है और अडानी समूह पर गड़बड़ी करने के आरोप लगाए हैं। कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में हुई मीटिंग में सपा नेता रामगोपाल यादव ,आप सांसद संजय सिंह, शिवसेना की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी समेत कई सांसद मौजूद थे। सीपीआई नेता बिनॉय विश्वम समेत कई सांसदों ने चर्चा के लिए स्थगन प्रस्ताव का नोटिस भी दिया है। संसद की कार्यवाही शुरू हुई तो हंगामा मच गया लोकसभा के साथ ही राज्यसभा की कार्यवाही भी 2 बजे तक के लिए स्थगित हो गई।

### विजय चौक पर धरना

अब विपक्षी दलों ने इस लड़ाई को संसद से सड़क तक ले जाने का फैसला लिया है। सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद विपक्षी दलों ने विजय चौक पर धरना दिया। इस पर मौके पर खड़गे ने कहा कि हमने चर्चा की मांग की थी जिस पर मंजूरी नहीं मिली उन्होंने कहा कि यह देश में आर्थिक घोटाला है और इसकी जांच होनी ही चाहिए। सीपीआई सांसद ने अपने स्थगन नोटिस में कहा कि जनता का पैसा रिस्क पर है। लोगों के सामने अपनी गाढ़ी कमाई के डूबने का खतरा पैदा हो गया है। उन्होंने कहा कि यह गंभीर मसला है और इस पर तत्काल चर्चा किया जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि अडानी ग्रुप की कंपनियों का जो हाल है, उसके चलते जाम लोगों की बड़ी रकम के डूबने का खतरा पैदा हो गया है। खासतौर पर एलआईसी ने इसमें निदेश किया है और उसकी पूंजी डूबने का खतरा है। इससे जाम निवेशकों को गहरा सकता है।




## आरबीआई ने बैंकों से मांगा अदाणी समूह के कर्ज-निवेश का ब्योरा

**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक ने देश के बैंकों से अदाणी समूह में उनके एक्सपोजर की जानकारी मांगी है। सरकार और बैंकिंग क्षेत्र के सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि केंद्रीय बैंक ने विभिन्न घरेलू बैंकों से अदाणी समूह में उनके निवेश और ऋणों के के बारे में जानकारी देने को कहा है। भारतीय रिजर्व बैंक ने यह कदम वर्तमान में जारी अदाणी समूह के शेयरों में उठा-पटक के बाद लिया है। बीते दिन ही अदाणी समूह ने अपना एफपीओ वापस ले लिया था। गुरुवार की सुबह शेयर बाजार खुलने के बाद अदाणी समूह के शेयरों में बड़ी गिरावट देखने को मिली है। माना जा रहा है कि केंद्रीय बैंक विभिन्न बैंकों से अदाणी समूह में उनकी ओर से दिए गए ऋण व निवेश की जानकारी लेकर यह सुनिश्चित करना चाहती है कि अदाणी के शेयरों में ताजा उठा-पटक के माहौल के बीच बैंकों की वित्तीय स्थिति ठीक बनी रहे। बता दें कि अदाणी समूह पर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट सार्वजनिक होने के बाद कंपनी के शेयरों में भारी गिरावट दर्ज की गई है। इस बीच अदाणी समूह ने अपना एफपीओ भी वापस लेने का फैसला भी कर दिया है। अदाणी एंटरप्राइजेज ने बुधवार रात को अपने 20 हजार करोड़ रुपये के एफपीओ को वापस लेने का एलान किया। इसी के साथ समूह की तरफ से निवेशकों का पैसा लौटाने की घोषणा भी की गई।

**हिंडनबर्ग रिपोर्ट के बाद आया आदेश**

## सिकल सेल एनीमिया के खिलाफ नई प्लानिंग अब हेल्थ कार्ड के आधार पर होगी शादी

**नई दिल्ली, ईएमएस।** शादी में दूल्हा-दुल्हन के सुखी जीवन के लिए कुंडली के गुणों का मिलान किया जाता है, लेकिन कई बार ये सटीक नहीं निकलता और बाद में परेशानी होती है। अब सरकार जल्द ही ऐसा उपाय करने जा रही है, जिससे बाकी गुणों का पता चले या ना चले, लेकिन लड़के या लड़की की सेहत की सटीक जानकारी जरुर मिल जाएगी। चल जाएगा। दरअसल केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय एक ऐसा कार्ड तैयार कर रहा है, जिसमें शख्स की सभी बीमारियों का रिकॉर्ड होगा। ऐसे में कार्ड से ही पता चल जाएगा कि लड़के या लड़की को कोई गंभीर बीमारी या संक्रमण है या नहीं।स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने बताया कि हमारे देश में एक ऐसी बीमारी है, जिससे अगर पुरुष और महिला संक्रमित हों, तो उसका असर आने वाले बच्चे पर भी होता है। ये बीमारी है सिकल सेल एनीमिया जो आदिवासियों में ज्यादा होती है। देश के 200 ऐसे जिले हैं, जहां इस बीमारी से पीड़ति बच्चे अधिक हैं। इसमें मध्य प्रदेश, गुजरात, झारखंड, ओडिशा, राजस्थान और छत्तीसगढ़ शामिल हैं। ताजा बजट में इस बीमारी को 2047 तक खत्म करने लक्ष्य रखा गया है।

## कर्नाटक हाईकोर्ट की राज्य सरकार को फटकार

**बेंगलुरु ,एजेंसी।** कर्नाटक हाई कोर्ट ने सरकारी स्कूलों में बच्चों को यूनिफॉर्म मुहैया न कर पाने को लेकर राज्य सरकार को फटकार लगाई है। हाईकोर्ट ने कहा कि सरकार को इस बात पर शर्म आनी चाहिए। दरअसल, कर्नाटक हाई कोर्ट में जस्टिस बी वीरप्पा और केएस हेमलेखा की पीठ ने 2019 में इस संबंध में एक आदेश दिया था। सरकार ने इस आदेश का पालन नहीं किया, जिसके चलते एक याचिकाकर्ता ने कोर्ट में याचिका दाखिल की। इस याचिका में कहा गया कि शिक्षा के अधिकार अधिनियम, 2009 के तहत छात्रों को यूनिफॉर्म के दो सेट दिए जाने चाहिए। लेकिन कर्नाटक के कई सरकारी स्कूलों में छात्रों को दो जोड़ी यूनिफॉर्म, जूते और मोजे नहीं मिल पाए हैं।

## सीएम शिवराज के पुलिस अधीक्षकों को निर्देश

# मतांतरण का कुचक्र विफल करें

## आदिवासी बेटी के नाम पर जमीन जिहादियों पर हो कड़ी कार्रवाई

**भोपाल, यशभारत।** मध्य प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने में कोई कसर न छोड़ें। धर्मांतरण का कुचक्र विफल करना है। ऐसे तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। कई जगह केवल आदिवासियों की जमीन खरीदने के उद्देश्य से आदिवासी बेटी से शादी कर ली जाती है, ऐसे जमीन जिहादियों पर नजर रखें और कड़ी कार्रवाई की जाए। यह बात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कलेक्टर-कमिश्नर और पुलिस अधीक्षक-पुलिस महानिरीक्षक कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री चौहान ने महिला सुरक्षा के संबंध में पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए कि हर जिलों में ऐसे स्थान चिह्नित करें, जहां घटनाएं होती हैं। उन्होंने कहा कि टीम को सतर्क और तैयार रहना चाहिए, जिससे घटनाएं न हों। असली हीरो के तहत निरंतर सम्मानित करते रहें। मुस्कान अभियान के सकारात्मक परिणाम आए हैं, इसे फिर से चलाएं। गुम, खोजे गए बालक-बालिकाओं को लेकर बैतूल, आलीराजपुर, देवास, अशोकनगर, आगर-मालवा जिलों की टीम द्वारा की गई कार्रवाई की मुख्यमंत्री ने प्रशंसा कर बधाई दी।मुख्यमंत्री ने कहा कि अब नशे से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में अभियान चलाने की आवश्यकता है, प्रचार का तंत्र बनाएं। इंटरनेट मीडिया पर कैम्पेन चलाएं, नशे के खिलाफ जबरदस्त कार्रवाई होनी चाहिए। इस कार्य में दीनदयाल समितियों और जनअभियान परिषद को भी जोडें। मैं जहां भी कार्यक्रमों में आऊं, नशामुक्ति के लिए काम करने वालों से मिलवाएं। जब्त मादक पदार्थ रखने की आवश्यकता नहीं, नष्ट करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि फंड की कमी नहीं है, अनाथ और सड़कों पर घूमने वाले बच्चे के लिए हर जिला एक कार्ययोजना बनाए। इनके लिए शिक्षा, भोजन और कपड़ों का इंतजाम करें। मप्र में नक्सलियों की संख्या कम कर दी है मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में पहली बार हाकफोर्स ने एक वर्ष में 1.14 करोड़ के इनामी छह नक्सलियों को मार गिराया। नक्सल नियंत्रण में वीरता दिखाने वाले सात अधिकारी-कर्मचारियों को भारत सरकार द्वारा पीएमजी के लिए चयनित किया गया।



**अच्छी खबर**

## मध्य प्रदेश के अधिकारियों-कर्मचारियों को बढ़े महंगाई भत्ते का इसी सप्ताह होगा भुगतान

**भोपाल,यशभारत।** प्रदेश के साढ़े सात लाख से अधिक अधिकारियों-कर्मचारियों को बढ़े हुए चार प्रतिशत महंगाई भत्ते का लाभ प्राप्त करने के लिए मार्च तक प्रतीक्षा नहीं करनी होगी। सभी कर्मचारियों को इसी सप्ताह इसका भुगतान होगा। इसके लिए वित्त विभाग ने सभी विभागों को बढ़े हुए भत्ते के देयक कोषालय में लगाने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश सरकार ने 27 जनवरी को सातवां वेतनमान प्राप्त कर रहे कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 34 से बढ़ाकर 38 प्रतिशत करने के आदेश जारी किए थे। विभाग प्रतिमाह 20 तारीख के बाद वेतन के देयक कोषालय में लगाते हैं ताकि एक तारीख को वेतन मिल जाए। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने महंगाई भत्ता बढ़ाने की घोषणा 21 जनवरी को की थी, लेकिन इसके आदेश 27 जनवरी को वित्त विभाग ने जारी किए। इसके बाद दो दिन में देयक वापस लेकर नए देयक लगाना संभव नहीं था, इसलिए वित्त विभाग ने निर्णय लिया कि वेतन का भुगतान कर दिया जाए।विभाग के सचिव ज्ञानेश्वर पाटिल ने बताया कि जिन विभागों ने 34 प्रतिशत महंगाई भत्ते के साथ देयक जमा किए थे।




पहले ही वर्ष में लाखों लोगों की पसंद बना

अरुणोदय पंचांग

घर-घर का पंडित बना

अरुणोदय पंचांग




## बुरहानपुर में ट्रक और पिकअप में आमने-सामने से टक्कर

# हादसे में 5 मजदूरों की मौत,3 की हालत गंभीर

**बुरहानपुर, ईएमएस।** मध्यप्रदेश के बुरहानपुर में एक सड़क हादसे में 5 मजदूरों की मौत हो गई। बड़ी इस हादसे में 9 लोग घायल हो गए। इसमें 3 की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों को खकनार के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रथमिक उपचार के बाद खंडवा के जिला अस्पताल में रेफर कर दिया गया है। सड़क दुर्घटना खानपुर जिला मुख्यालय से करीब 12 किलोमीटर दूर एमपी-महाराष्ट्र की बार्डर पर देललाई शेखपुरा के बीच में हुआ। एक पेट्रोल पम के पास दोपहर में गन्ने से भरे ट्रक और मजदूरों से भरी पिकअप के बीच टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भयानक थी कि पिकअप में सवार 5 मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही देडतलाई चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। बेजललाई चौकी प्रभारी दिलीप सिंह ने बताया कि अभी सोच से भायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खकनार रवाना किया गया है। वहां से गंभीर घायलों को खंडवा रेल किया गया है। मजदूरों से भरी पिकअप खडवा से देडतलाई की ओर जा रही थी। जिसमें कुछ मजदूर परिवार सवार थे। जबकि गन्ने से भरा ट्रक टड़ललाई से खंडवा की ओर जा रहा पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।देवतलाई चौकी प्रभारी दिलीप सिंह ने बताया ट्रक और पिकअप के बीच एक मोड़ पर आमने-सामने से टक्कर हुई। पिकअप में सवार मजदूर खंडवा जिले के खालवा लहसील के सुंदरदेव गांव के रहने वाले हैं। मजदूर महाराष्ट्र के आकोट से अपने गांव लौट रहे थे।



## धोखा : ममता ने खो दिए तीन बच्चे

**शामली,एजेंसी।** शामली,के गांव पंजीठ से एक दिल दहलाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक मां की छोटी-सी गलती के कारण मासूमों को अपनी जान गंवानी पड़ी। महिला ने अपने तीन बच्चों को जहरीला पदार्थ पिला दिया। इससे तीनों की मौत हो गई। आरोपी का कहना है कि उसने दवा समझकर गलती से चूहे मारने की दवा पानी में मिलाकर बच्चों को पिला दी। दरअसल महिला का पति मुर्सलीन दिल्ली में फर्नीचर बनाने का काम करता है। गांव में उसकी पत्नी सलमा और पांच बच्चे रहते हैं। बुधवार सुबह सलमा ने आठ वर्षीय पुत्र साद, चार वर्षीय पुत्री मिस्बाह तथा डेढ़ वर्षीय मनतशा को पानी में मिलाकर जहरीला पदार्थ पिला दिया। साद को उल्टियां हुई और उसकी मौत हो गई। घरवाले मिस्बाह और मनतशा को कैराना सीएचसी ले गए। यहां से गंभीर हालत में मेरठ रेफर कर दिया। परिवार वाले दोनों को मेरठ ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में मिस्बाह ने भी दम तोड़ दिया। कुछ देर बाद मनतशा की भी मौत हो गई।सलमा ने फेरी लगाने वाले से चूहे मारने की दवा खरीदी थी। आरोपी मां को हिरासत में ले लिया गया है। सीओ अमरदीप कुमार मौर्य के मुताबिक, सलमा ने पूछताछ में बताया कि दवा समझकर भूलवश बच्चों को जहरीला पदार्थ दे दिया।



## पाकिस्तान में इमरान के करीबी और पूर्व गृह मंत्री शेख रशीद गिरफ्तार

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व गृहमंत्री शेख रशीद को गुरुवार सुबह गिरफ्तार कर लिया गया है। इस कार्रवाई की वजह अभी साफ नहीं है। हालांकि मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसे पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी पर इमरान खान की हत्या की साजिश रचने के उनके आरोप से जोड़ा जा रहा है। इस्लामाबाद में पहले से ही उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज थी। रशीद इमरान खान के करीबी हैं और अवामी मुस्लिम लीग के चीफ भी हैं। यह

## गोपनीय दस्तावेजों के मामले में अमेरिकी राष्ट्रपति के घर पहुंची एफबीआई , ली तलाशी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन के घर की फिर से तलाशी ली जा रही है। राष्ट्रपति के वकील के मुताबिक एफबीआइ की टीम ने डेलावेयर में स्थित राष्ट्रपति जो बाइडेन के बीच हाउस में तलाशी अभियान शुरु किया है। ये मामला उस जांच से जुड़ा है, जिसमें बाइडेन से जुड़े अन्य स्थानों पर क्लासीफाइड डॉक्यूमेंट्स बरामद किए गए थे। उन्हीं गोपनीय दस्तावेजों की खोज के लिए ये सर्च ऑपरेशन चल रहा है। वकील बॉब बाउर ने कहा कि राष्ट्रपति इस सर्च में पूरा सहयोग कर रहे हैं और सर्च ऑपरेशन पूरा होने के बाद और अधिक जानकारी साझा की जाएगी।



गोपनीय दस्तावेजों की तलाश आपको बता दें कि डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस वॉशिंगटन डीसी में एक निजी कार्यालय में गोपनीय दस्तावेजों की खोज की जांच कर रहा है। पिछले महीने व्हाइट हाउस ने कहा था कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के आवास और उनके निजी कार्यालय से कुछ और गोपनीय दस्तावेज मिले हैं। वॉशिंगटन में बाइडन के निजी कार्यालय से बरामद ये दस्तावेज 2009 से 2016 के बीच के हैं, जब वह उपराष्ट्रपति थे।

### घर में मिले सरकारी रिकॉर्ड

नवंबर 2022 में पेन बाइडन सेंटर में सरकारी दस्तावेज मिलने के बाद बाइडन के विलमिंगटन और रेहोबोथ बीच, डेलावेयर, आवासों की तलाशी ली गई। माना जा रहा है कि ये वो स्थान हैं, जहां 2017 में सत्ता हस्तांतरण के समय उपराष्ट्रपति कार्यालय से फाइल भेजी गई होंगी। बाइडेन ने इस पर कहा था कि उन्हें यह जानकर आश्चर्य हुआ कि कुछ वर्गीकृत दस्तावेज एक निजी कार्यालय में पाए गए थे। वह इस बात से अनजान हैं कि उन कागजात में क्या है।

## टैक्स स्लैब में ऐलान को आसान भाषा में समझाया



**जबलपुर, यशभारत।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा टैक्स स्लैब में जो बदलाव और छूट का ऐलान किया गया है, उसको लेकर लोगों में कन्फ्यूजन हुआ है. हमारे एक्सपर्ट एड.नीतेश नेमा ने टैक्स स्लैब में ऐलान को कुछ प्वाइंट्स में ही आसान भाषा में समझाया है. जिससे नई और पुरानी स्लैब का कन्फ्यूजन दूर हो सके वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2023-24 का आम बजट पेश कर दिया है। इस बजट में उन्होंने बड़ा ऐलान करते हुए 7 लाख रुपये तक की कुल कमाई करने वालों को बड़ी राहत दी है। इन लोगों को अब कोई टैक्स नहीं देना होगा। इसके अलावा इनकम टैक्स स्लैब की संख्या भी घटाकर 5 कर दी गई है। बजट में वित्त मंत्री ने महिला बचत सम्मान योजना लॉन्च करने का भी ऐलान किया है। उनका कहना है कि इससे महिलाएं बचत के लिए प्रोत्साहित होंगी। इसके तहत 7.5 फीसदी का सालाना ब्याज मिलेगा। किसानों के लिए भी वित्त मंत्री ने श्री अन्न योजना लॉन्च करने का ऐलान किया है। इसके तहत मोटे अनाज के उत्पादन को बढ़ावा दिया जाएगा। वित्त मंत्री ने बजट पेश करते हुए कहा कि दुनिया में मंदी के माहौल में भी भारत की आर्थिक ग्रोथ 7 फीसदी तक रहने का अनुमान है। यह भारत के लिए बड़ी सफलता है। उन्होंने कहा कि देश की इकॉनमी का आकार बढ़ा है और हम दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गए हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि यह अमृतकाल का पहला बजट है। बीते कुछ सालों में हमने इकॉनमी को मजबूत करने के लिए जो नींव रखी थी, अब उस पर मजबूत इमारत खड़ा करने का मौका है।वित्त मंत्री ने बजट में किसानों के लिए श्री अन्न योजना शुरू करने का ऐलान किया है। इसके तहत बाजरा, ज्वार, रागी जैसे मिलेट्स के उत्पादन के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके अलावा मिलेट्स संस्थान की भी हैदराबाद में स्थापना की जाएगी। बजट में रेलवे के लिए 2.4 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। वहीं अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए हर वर्ष 10 हजार करोड़ रुपये की रकम जारी की जाएगी।

## अमृत काल का पहला बजट



अमृत काल का पहला बजट जोखिम भरे छेदों, बैंकिंग, मध्यवर्ग को विशेष ध्यान में रखकर बनाया गया है, सही जगह सही पैसा पहुंचे। आर्थिक विश्लेषक नवीन श्रीवास्तव ने कहा कि पब्लिक इन्वेस्टमेंट में गुणोत्तर वृद्धि हुई है ,जिससे खर्च करने की क्षमता में वृद्धि होगी। यह बजट चुनौतियों से जूझ रहे विश्व से अलग भारत को एक नई पहचान देगा। ग्रीन ग्रोथ ग्रीन इकोनामी ग्रीन इंफ्रास्ट्रक्चर और ग्रीन जॉब को अभूतपूर्व विस्तार देगा। निश्चित रूप से पिछले वित्तीय वर्ष से इस वर्ष और अच्छा प्रदर्शन रहने की संभावना है।

### खेलो इंडिया यूथ गेम्स- खो-खो के सेमीफाइनल आज

# तीरंदाजी के प्री क्वार्टर और क्वार्टर फाइनल के मुकाबले शुरू





**जबलपुर, यशभारत।** रानीताल स्टेडियम में चल रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स में आज सुबह से जहां तीरंदाजी के मैच शुरू हुए वहीं खो-खो प्रतियोगिता अब अंतिम पड़ाव पर जा पहुची है। आज शाम से नॉक आउट मैच शुरू करेंगे। खो-खो के बालक वर्ग के ग्रुप ए के शाम चार अंकों से पराजित किया। को खेले गए मैच में महाराष्ट्र ने पश्चिम बंगाल को 14 अंकों से हरा दिया। ग्रुप बी में आंध्रप्रदेश ने छत्तीसगढ़ को 2.10 मिनट शेष रहते दो अंकों से हराया। वहीं दिल्ली ने ओडिशा को 18 अंकों से मात देते हुए सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। खो - खो प्रतियोगिता के सेमी फाइनल मुकाबलों में जहां बालक वर्ग में महाराष्ट्र बनाम ओडिशा और दिल्ली बनाम पश्चिम बंगाल का मुकाबला जबकि लड़कियों में महाराष्ट्र, बनाम कर्नाटक व ओडिशा बनाम पंजाब का मैच खेला जायेगा। प्रतियोगिता में मेजबान मध्यप्रदेश की बालक, बालिका टीम का सफर खत्म हो गया। बालिका वर्ग तमिलनाडू की टीम से हराकर बाहर होना पड़ा, हालांकि बालक वर्ग की टीम ने आज तेलंगाना को जरूर हराया है, पर पहले दो मैच हारने के बाद उन्हें भी बाहर होना पड़ा। खो-खो टीम बालिका वर्ग के दो मैच हुए। मध्यप्रदेश की बालिकाओं का तमिलनाडू की टीम से सामना हुआ जिसमें तमिलनाडू ने 6 पॉइंट से जीत दर्ज की है। तमिलनाडू को 22 पॉइंट मिलें जबकि मध्यप्रदेश की बालिका वर्ग की टीम को 16 पॉइंट से सन्तोष करना पड़ा। इस तरह से बालिका वर्ग की टीम अपने सभी मैच हराकर बाहर हो गई। बालक वर्ग में मध्यप्रदेश का मुकाबला तेलंगाना की टीम से हुआ जिसमें बालक वर्ग मध्यप्रदेश की टीम ने तेलंगाना को 2 पॉइंट से हरा दिया। मध्यप्रदेश की टीम को 32 पॉइंट मिलें जबकि तेलंगाना की टीम को 30 पॉइंट मिलें। खेलो इंडिया यूथ गेम्स में मध्यप्रदेश की खो-खो टीम का सफर यहीं तक था। तीनों दिन बालिका टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। बालिका टीम अपने सभी मैच हारकर बाहर हो गई। जबकि खो-खो बालक वर्ग की टीम ने तीन में से महज एक मैच जीत पाई, लिहाजा बालक वर्ग की टीम को भी बाहर होना पड़ा। मध्यप्रदेश के जबलपुर सहित अन्य जिलों में चल रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स में नाडा याने (नेशनल एंटी डोपिंग एजेंसी) की टीम ने भी अपनी नजर जमाए हुए हैं। फेयर-प्ले के लिए नाडा की टीम हर मैच हर खिलाड़ी पर नजर बनाए हुए हैं। बता दें कि नाडा याने (नेशनल एंटी डोपिंग एजेंसी) खेल मंत्रालय के द्वारा गठित की जाती है। जिनका काम फेयर-प्ले गेम्स को देखना होता है। नाडा अधिकारी विकास त्यागी ने बताया कि जबलपुर सहित वह तमाम जिले जहां पर की खेलों इंडिया यूथ गेम्स हो रहा है, उन गेम्स पर हमारी नजरें बनी है। नाडा खिलाडियों से अपील कर रहीं है कि खेल के दौरान किसी भी तरह की दवाइयों का सेवन ना करें क्योंकि यह दवाइयां आपकी सेहत के लिए खतरनाक है। तीरंदाजी प्रतियोगिता में आज से प्री क्वार्टर फाइनल और क्वार्टर फाइनल के मुकाबले शुरू हुए। रैंकिंग राउंड में देशभर से आए 64 खिलाड़ियों ने ल अपनी रैंकिंग तय की। पहले स्थान पर हरियाणी की रिद्धि आई, दूसरे स्थान पर कुशल दलाल रहे। बालक वर्ग में मेजबान मध्य प्रदेश के अमित कुमार ने द्वितीय और बालिका वर्ग में सलोनी किरार ने चौथी रैंक हासिल की। प्रतियोगिता में पंजाब की अंतर्राष्ट्रीय तीरंदाज परणीत कौर, महाराष्ट्र की अदिति स्वामी भी भाग ले रहीं हैं। अदिति ने द्वितीय और परणीत कौर ने तृतीय रैंक हासिल की। तीरंदाजी के लिए चार ग्रुप बनाए गए ही अर्जित कर सकी। हर ग्रुप में 16 16 खिलाड़ी रहे, जिसमें रैंकिंग तय करने मुकाबला हुआ। बालक और बालिका वर्ग के रिजर्व और कम्पाउंड ग्रुप में 16-16 खिलाड़ियों ने प्री क्वार्टर फाइनल राउंड में प्रवेश किया।

### ट्रैक साइकिलिंग में शहर के तीन खिलाड़ी होंगे शामिल



खेलो इंडिया यूथ गेम्स की ट्रैक साइकिलिंग प्रतियोगिता नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी स्टेडियम के साइकिलिंग वेलोड्रोम में 2 से 4 फरवरी को आयोजित होगी। होगी। इस प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के पांच खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं इनमें तीन पुरुष और दो महिला हैं। इनमें से तीन खिलाड़ी जबलपुर से हैं, जो साइकिल चलाकर अपना दमखम दिखाएंगे।2 फरवरी को पुरुष और महिला वर्गों में टीम स्प्रिंट, स्क्रॅच रेस और टाइम ट्रायल की प्रतिस्पर्धा होंगी। दोनों वर्गों में टीम स्प्रिंट की लंबाई तीन लैप की होगी पुरुष वर्ग में स्क्रैच रेस की लंबाई 10 किलोमीटर और टाइम ट्रायल की लंबाई एक किलोमीटर होगी।मध्य प्रदेश टीम की प्रबंधक ललिता वासनिक ने बताया कि टीम के पुरुष खिलाड़ी तन्मय साहू, सजल शर्मा और पारस तिवारी जबलपुर से हैं और महिला खिलाड़ी शैल कुमारी व माधुरी, छिन्दवाड़ा जिले के तामिया की हैं। टीम के कोच प्रतीक मनोध्या ने बताया कि प्रतिभागियों के लिए 29 से 31 जनवरी तक इंदिरा गांधी स्टेडियम के साइकिलिंग वेलोड्रोम में प्रशिक्षण दिया गया था ।

### पमरे के श्री हसन अली, खेलो इंडिया यूथ गेम्स हॉकी में एम्पायरिंग करेगें।



ग्वालियर मध्यप्रदेश में आयोजित होने वाली खेलो इंडिया यूथ गेम्स हॉकी ग्वालियर प्रतियोगिता हेतु पमरे के हसन अली को एम्पायर नामित किया गया है। प्रतियोगिता लीग कम नॉकआउट आधार पर खेली जायेगी साथ ही साथ इस प्रतियोगिता में हिन्दुस्तान के नामी खिलाड़ी जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर न केवल हिन्दुस्तान का नाम रोशन किया है वरन् हॉकी को एक नई पहचान दी है, वे सभी हॉकी खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे है। उक्त प्रतियोगिता के सफल एवं सुचारू संचालन हेतु हॉकी इंडिया, नई दिल्ली द्वारा पमरे जबलपुर मंडल में पदस्थ हसन अली को नामित कर पमरे को गौरवान्वित किया है।

### जबलपुर के राइफल शूटर्स का खेलो इंडिया गेम्स में शानदार प्रदर्शन





भोपाल में चल रहे 5 वें खेलो इंडिया गेम्स में खेले गए 10 मीटर राइफल मेन इवेंट के क्वालिफिकेशन राउंड में गन फॉर ग्लोरी जबलपुर के राइफल शूटर्स अजय मलिक एवं सत्यार्थ पटेल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए फाइनल राउंड में अपनी जगह बनाई । आज खेले गए क्वालिफिकेशन मैच में टॉप 8 शूटर्स ने फाइनल राउंड के लिए क्वालीफाई किया इनमें से पांच शूटर्स गन फॉर ग्लोरी से हैं.अजय मलिक एवं सत्यार्थ पटेल गन फॉर ग्लोरी की जबलपुर शाखा से हैं , वहीं राजवीर अजित , मद्दिनेनी उमा महेश एवं नरेन प्रनय गन फॉर ग्लोरी की दूसरी शाखाओं से हैं। कल ये सभी राइफल शूटर्स फाइनल राउंड खेलेंगे जहा से इनके पास खेलो इंडिया टैलेंट में चयनित होने का अवसर होगा। अजय एवं सत्यार्थ दोनों ग्लोरी शूटिंग अकादमी जबलपुर में कोच श्री निशांत नथवानी से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

# तकनीक पर सर्वाधिकार है तभी व्हीएफजे का लोगो लगता है

### तथाकथित रक्षा विशेषज्ञ की वायरल टिप्पणी से कर्मचारियों में रोष

वाहन निर्माणी जबलपुर
Vehicle Factory Jabalpur

**जबलपुर यशभारत।** विगत दिनों व्हीकल फैक्ट्री में हो रहे उत्पादन को लेकर एक तथाकथित रक्षा विशेषज्ञ की तथाकथित वायरल टिप्पणी को लेकर कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। कुछेक श्रमिक संगठन ने इसको लेकर आपत्ति जताते हुए विरोध में प्रबंधन को ज्ञापन देकर उक्त तथाकथित रक्षा विशेषज्ञ पर व्हीएफजे के उत्पादन का अवमूल्यन और भ्रामक बयान पर कार्यवाही की मांग की है।बताया जाता है कि विगत दिनों अपने आप को रक्षा विशेषज्ञ कहने वाले ने कहा है कि व्हीकल फैक्ट्री टाटा और अशोक लेलेण्ड से सामान लेकर वाहन बनाकर अपना लोगो लगाकर सेना को वाहन आपूर्ति करता है।इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कर्मचारियों का कहना है कि उस नीम हकीम रक्षा विशेषज्ञ को जानकारी नहीं है कि भारत सरकार ने दोनों कंपनियों से करार कर तकनीकी अनुबंध पर सर्वाधिकार सुरक्षित कर लिया है। पूर्व में भी भारत सरकार ने जर्मनी में मान कंपनी और जापान की शान कंपनी से तकनीकी अनुबंध के बाद व्हीएफजे में क्रमशः शक्तिमान और निशान वाहनों का तीन दशक तक उत्पादन किया है।उसके बाद वर्तमान में अशोक लेलेण्ड और टाटा कंपनी से अनुबंध कर वाहन बनाए जा रहे हैं।जैसा कि आटोमोबाइल सेक्टर में परंपरा है कि कोई भी निर्माता कंपनी चाहे टू व्हीलर हो या फोर व्हीलर शत प्रतिशत पुर्जो का उत्पादन स्वयं न कर एनसीलरी यूनिट से पुर्जो की आपूर्ति करती है।वही तरीका व्हीएफजे में अपनाया जा रहा है।लिहाजा तथाकथित रक्षा विशेषज्ञ अपनी टिप्पणी वापिस ले अन्यथा उस पर विधि सम्मत कार्यवाही हो।क्योंकि उसने रक्षा मंत्रालय के उत्पादन की अवमानना और भ्रामक बयान दिया है।

### एकादशी के शुभ दिन पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए ऐतिहासिक दिन

# लगभग 25 करोड़ 39 लाख रूपये की लागत से निर्माण कार्य प्रारंभ



**जबलपुर, यशभारत।** नगर निगम द्वारा शहर में सामान्य रूप से सभी वार्डो में महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' के निर्देशानुसार विकास के कार्य बड़े पैमाने पर कराये जा रहे हैं। इसी कड़ी में मध्यप्रदेष शासन के पूर्व वित्त मंत्री एवं पष्चिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक तरूण भनोत ने बेहतर प्रयास करते हुए अपने विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों को एक साथ लगभग 25 करोड़ 39 लाख रूपये की विकास कार्यो की सौगातें आज दी। आज का दिन पश्चिम विधान सभा क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक दिन है। महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'', पष्चिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक तरुण भनोत, एवं लोकनिर्माण विभाग के प्रभारी मनीष पटैल ने 25 करोड़ 39 लाख रुपये की लागत से क्लिनिक, पेबर ब्लाक, सी.सी. सड़क, डामलीकृत सड़क और नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन के उपरांत कार्य प्रारंभ कराकर दी। विकास कार्यो का भूमिपूजन पश्चिम विधान सभा क्षेत्र के विधायक तरूण भनोत ने सैंकड़ो की संख्या में उपस्थित क्षेत्रीय गणमान्यजनों एवं पार्षदगणों की उपस्थिति में सम्पन्न कराकर कार्य प्रारंभ कराया। विकास कार्यो के संबंध में महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' एवं विधायक श्री भनोत ने अपने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में उनके द्वारा लगभग 25 करोड़ 39 लाख रूपये के विकास कार्यो का भूमिपूजन कर कार्य प्रारंभ कराये गए हैं। आज का दिन पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों के लिए एक बड़ी सौगात का दिन है और आने वाले समय में नागरिकों को अतिसुन्दर और व्यवस्थित नई सड़क की सौगात मिलेगी, जहाँ पर एक और सुरक्षित एवं सुगम आवागमन कर सकेगें। महापौर ने भूमिपूजन के दौरान कहा कि उनके द्वारा सभी विधानसभाओं एवं वार्डो में एक समान रूप से लगातार विकास के कार्य कराये जा रहे है। महापौर ने बताया कि वीरसावरकर वार्ड स्थित शासकीय हाई रकूल गुलौआ चौक संजीवनी क्लिनिक निर्माण कार्य लागत 24 लाख 72 हजार, नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत् पी.एच.ई. कॉलोनी पार्क, संजीवनी नगर में हरित क्षेत्र द्यविकास एवं निर्माण कार्य लागत 79 लाख 92 हजार, गंगा नगर कॉलोनी ग?, लागत 1 करोड़ 95 लाख 86 हजार, सं.क्र.-01 गढ़ा अंतर्गत संभागीय कार्यालय सम्मुख पेवर ब्लाक लगाने का कार्य लागत राषि 25 लाख 26 हजार, दादा वीरेन्द्रपुरी वार्ड में पंडा की मढ़िया से त्रिपुरी चौक तक एम-40सी.सी. रोड निर्माण कार्य ड्रेन कलवर्ट पाथवे कार्य सहित लागत राषि 1 करो? 31 लाख 98 हजार, नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत् महादेव पार्क, धनवंतरी नगर में हरित क्षेत्र विकास एवं निर्माण कार्य लागत राषि 58 लाख 99 हजार, पुरवा बस्ती में मुख्यमंत्री अधोसंरचना कार्य -महाराणा प्रताप वार्ड लागत राषि 13 करोड़ 46 लाख 80 हजार, संभाग क्रमांक-01 अंतर्गत सरदार बल्लभ भाई पटैल वार्ड अंतर्गत मुख्य मार्ग दिलीप बेल्डिंग से लक्ष्मी ब्रदर्स तक (वृद्ध आश्रम के (पास) नाला निर्माण कार्य लागत 6 लाख 17 हजार, संभाग क्रमांक-01 गढा अंतर्गत सरदार बल्लभ भाई पटेल वार्ड मे संजीवनी क्लीनिक निर्माण कार्य लागत 27 लाख 69 हजार, संभाग क्र. 01 गढा अंतर्गत आने वाले आंतरिक क्षतिग्रस्त सडकों पर एम-30 सी.सी. सडक निर्माण कार्य लागत 1 करो? 33 लाख 67 हजार, रानीदुर्गावती वार्ड स्थित अम्बेडकर सामुदायिक भवन के पीछे संजीवनी क्लिनिक निर्माण कार्य लागत 24 लाख 72 हजार, नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत् रतन नगर पार्क, मदन महल में हरित क्षेत्र विकास एवं निर्माण कार्य लागत 49 लाख 23 हजार, गिरिराज किशोर कपूर वार्ड, दादा बाबू राव परांजपेय वार्ड एवं ग्वारीघाट वार्ड में सडको का डामलीकरण कार्य लागत 10 लाख 36 हजार, शहीद गुलाब सिहं वार्ड में क्षतिग्रस्त सडको की मरमम्त एवं डामलीकरण कार्य लागत 18 लाख 55 हजार, सुधा विहार से आजाद चौक एवं छापर मार्ग पर एवं आदिवासी छात्रा बॉस रोड का डामलीकरण कार्य लागत 46 लाख 43 हजार, नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत् पी.पी. कॉलोनी भीम नगर ग्वारीघाट में हरित क्षेत्र विकास एवं निर्माण कार्य लागत 40 लाख 67 हजार, ग्वारीघाट वार्ड में भीम नगर में सीमेट सडक का कार्य लागत 6 लाख 22 हजार, ललपुर प्लांट ग्वारीघाट लागत 2 करो? 94 लाख 88 हजार, रामपुर चौक पर हॉकर जोन में सेट बनाने का कार्य लागत 7 लाख 73 हजार एवं ग्वारीघाट वार्ड में भीम नगर में सड़को का डामलीकरण कार्य लागत राषि 9 लाख 34 हजार रूपये से निर्माण किया जायेगा।

# वार्षिक एक दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता आज

**जबलपुर यशभारत।** अंजुमन इस्लामिया इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल मढ़ हा ताल की वार्षिक एक दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन आज प्रातः 9.30 बजे से जहां मोहम्मद रईस व ली अध्यक्ष अंजुमन इस्लामिया के मुख्य अतिथि एवं एम आर रहीम उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में तो वही मोहम्मद आसिफ सचिव के विशिष्ट अतिथि में उद्घाटित होगी शाला प्राचार्य शाहनवाज अंसारी एवं क्रीड़ा प्रभारी अजीम उल्लाह शाह ने अध्ययनरत छात्र छात्राओं के माता पिता एवं अभिभावकों से प्रतियोगिता में उपस्थिति की अपील की है।

## सेवा कार्यों के लिए किया सम्मानित



**जबलपुर, यशभारत।** एस व्ही नायडू मेमोरियल फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं रेडक्रॉस सदस्य रमेश नायडू को जिला प्रशासन की तरफ से जिला पंचायत की सीईओ आई. ए .एस .सलोनी सिडाना ने उनके पिछले 12 वर्षो से लगातार ग्रामीण एवं शहरी छेत्र में अपना इंजिनीरिंग का पेशा छोड़ सामाजिक छेत्र में जरुरतमंदो के लिए स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविरों का आयोजन कर लोगो की मदत करने के लिए सम्मानित किया सुश्री सिडाना ने इनके द्वारा किये गए कार्यों की प्रशंसा की एवं भविष्य में इस नेक कार्य को जारी रखने के लिए शुभकामनाएं दीं।

14 आयुर्वेदिक दर्दनाशक तेलों का मिश्रण
मामजेसिक
तीव्र दर्दनाशक तेल / क्रीम
कमर, पीठ, गर्दन, जोड़ों एवं घुटने का दर्द, कंधे एवं कूल्हों का दर्द, अंदरूनी चोट, मोच-सूजन, माँसपेशियों में खिंचाव-लचकना, पिंडलियों, पंजों, हड्डियों एवं पसलियों में दर्द, हाथ-पैर में झुनझुनी, कम्पन्न, कमजोरी, जाँघों में दर्द हेतु अत्यंत प्रभावशाली एवं गहराई तक असरकारक...
लकवा रोगियों हेतु अत्यंत लाभदायक
चिपचिपाहट रहित
मामजेसिक
तीव्र दर्दनाशक तेल / क्रीम
व्यावसायिक पूछताछ 9826035091
सभी मेडीकल स्टोर्स में उपलब्ध

महाकौशल का सबसे आधुनिक ICU, जबलपुर में आपकी सेवा में 24 घंटे
LIFE CARE ICU, Mukherjee Hospital
हमारे यहां उपलब्ध विशेषज्ञों की टीम व सुविधाएं
डॉ अभिजीत मुखर्जी (वरिष्ठ हड्डी रोग एवं ट्रामा विशेषज्ञ)
डॉ प्रशांत कुशवाहा (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ तरून नागपाल (वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट)
डॉ एम. चंसोरिया (वरिष्ठ ICU विशेषज्ञ)
डॉ नेहा चंसोरिया B.D.S, M.D.S. (वरिष्ठ दंत एवं जबड़ा रोग विशेषज्ञ)
डॉ विशाल वडेरा (वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ)
डॉ अखिलेश पटेल (छाती एवं स्वांस रोग विशेषज्ञ)
सुविधाएं
हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन, सिर की चोट, हेड इन्जूरी, रीढ़ की हड्डी की चोटों का इलाज व ऑपरेशन, लकवा, मिर्गी एवं दिमागी बुखार का इलाज, जहरीली वस्तु का सेवन (Poison Unit), सर्पदंश उपचार, गंभीर लीवर की बिमारी, किडनी की बीमारी (पथरी), डायलिसिस सुविधा उपलब्ध, हर प्रकार के पेट के रोगों का ऑपरेशन,Burn Unit (जले हुए मरीजों का इलाज), महाकौशल के सबसे आधुनिक वेन्टीलेटर उपलब्ध, 24 घंटे डायलिसिस की सुविधाएं
1933, प्रेम मंदिर के पास, राइट टाउन, जबलपुर 07614038666, 7049079825 9300920067

हमारे प्रेरणास्त्रोत पत्रकार अरूण शुक्ला
आशीष कंसल्टेंसी
Email-ajayshukla2680@gmail.com
मो. 9425154156, 9826176903
नामांतरण, डायवर्सन, सीमांकन, बटवारा, वसीयतनामा इत्यादि
पता - आशीष ट्रांसपोर्ट बलदेव बाग जबलपुर

साईं हॉस्पिटल
इनफर्टिलिटी लेप्रोस्कोपी एवं साईं टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर
डॉ. श्रीमति राखी बाजपेयी
MBBS,MS. (OBS & GYM)
टेस्ट ट्यूब बेबी, बांझपन व गायनिक एण्डोस्कापी में उच्च प्रशिक्षित
दूरबीन द्वारा ऑपरेशन से ना चीरा ना रक्तस्त्राव शीघ्र स्वस्थ जल्दी छुट्टी
Dip advanced Gynaec Endoscopy [France]
इक्सी, टेस्ट ट्यूब सेंटर, दूरबीन द्वारा बांझपन का निदान, बंद ट्यूब व टीटी ऑपरेशन खोलना, दूरबीन द्वारा बच्चादानी(टीएलएच), ओवरी की सिस्ट नली में ठहरे गर्भ व बच्चेदानी के ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, कृत्रिम गर्भाधान IUI IVF ICSI व सुरक्षित गर्भपात।
सबसे सस्ता अत्याधुनिक मल्टीस्पेशलिटी चिकित्सा संस्थान
कांचघर चौक, रेलवे स्टेशन रोड जबलपुर-8770186650, 7987619550
पथरी, हार्निया, एपेन्डिक्स, पाइल्स, गाल ब्लेडर, बच्चेदानी, स्तन की गठान, बंद ट्यूब गर्भधान इत्यादि सभी आपेरेशन व इलाज की सुविधा

शॉल ही शॉल...
लक्ष्मी एम्पोरियम
• काश्मीरी • प्योरऊल • जमावार • सिप्पीवर्क • कानीवर्क • आरी वर्क •
फैंसी रंग डिज़ाईन
नया स्टॉक उचित दाम
मछरहाई (दुर्गा मंदिर के सामने) 905 जवाहरगंज जबलपुर
फोन- 2481229, 2481944
एक बार अवश्य पधारें

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

Roasted Food Junction
जनता साइकिल के बाजू से बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
न्यू शो रूम
ठण्ड के स्पेशल आइटम उपलब्ध है
→तिली चिक्की →तिली लड्डू →तिली रेवड़ी →मूंगफल्ली की लइया →रोस्टेट नमकीन →वेक्ड टोस्ट →करेला चिप्स →बिस्केट →फुल्की →गजक →सिंधी पापड़→चने
Pure & Tasty AK's Special
मनोज संगतानी मो. 9301997304, 7987145201

CARE HOSPITAL
MULTI SPECIALITY HOSPITAL
करमेता, कटंगी रोड, जबलपुर (म.प्र.) फोन:0761-4700480
24x7 आकस्मिक सेवा उपलब्ध
आयुष्मान कार्डधारकों का इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
विभाग
मेडिसिन विभाग, छाती रोग विभाग, जनरल सर्जरी विभाग, न्यूरो एंड स्पाईन सर्जरी विभाग, कान, नाक, गला विभाग, शिशु रोग विभाग, कूल्हा एवं घुटना प्रत्यारोपण, अस्थि रोग विभाग, स्त्री रोग विभाग, नेत्र रोग विभाग, मूत्र एवं गुर्दा रोग विभाग, प्लास्टिक एवं बर्न सर्जरी विभाग, दंत रोग विभाग, डायलिसिस
मल्टी स्पेशलिटी
• मेडिसिन • जनरल सर्जरी • स्त्री एवं प्रसूति रोग • नाक, कान, गला • डायलिसिस • पॉइजन यूनिट • रेडियोलॉजी विभाग • पैथोलॉजी विभाग • ट्रामा यूनिट • फेक्चर एवं अस्थि रोग • न्यूरो सर्जरी • डिजिटल एक्स-रे • 2D ईको • सोनोग्राफी • कलर डॉप्लर



# जनाब शिवनगर कॉलोनी जा रहे हो तो थोड़ा संभलकर जाना

## यहां सड़क और गड्‌ढे समझ नहीं आते

**जबलपुर, यशभारत। जनाब,शहर की सड़क समझ कर सरपट भागने की कोशिश जान लेवा हो सकती है। क्योंकि संस्कारधानी के नाम से चर्चित इस शहर की सड़कों की हालत वैसी नहीं हैं जैसा नाम है। कारण गड्ढे में सड़क है, या फिर सड़क में गड्ढे यह पता भी नहीं चलेगा। इनमें कुछ तो डेंजर जोन के रूप में मुंह बाए खड़ी है। शहर की हालत ऐसी है कि सड़कों पर कभी सीवरेज का पानी जमा रहता है, तो कभी बारिश का। ऐसे में इन गड्ढों वाली सड़कों की हालत ऐसी बन चुकी है कि सावधानी हटी तो दुर्घटना घटी।**

हास्यास्पद तो यह कि ही यह नगर निगम को दिखाई नहीं दे रहा है और ही नगर निगम को। शिव नगर पंजाब बैंक कॉलोनी रोड की लाखों खर्च कर बनाई इन सड़क की दशा और दुर्दशा को देखने वाला कोई नहीं है। दिन के समय में तो फिर भी गनीमत है, पर रात का सफर तो बिल्कुल ही नहीं।

### चेंबर धसा, राहगीर मुसीबत में

नगर निगम की उदासीनता के चलते लोगों को गड्ढेदार सड़कों पर निकलना पड़ रहा है। शहर के शिवनगर पंजाब बैंक कॉलोनी रोड पुलिया के ऊपर का चेंबर धस जाने के कारण राहगीरों को दुर्घटनाओं का आमंत्रण दे रहा है इसके साथ ही इस मार्ग पर जगह-जगह बने जानलेवा गड्ढा से मार्ग पर चलने वाले वाहन चालकों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है हर तरफ सड़क पर गहरे गड्ढे अब लोगों को दर्द दे रहे हैं इस संबंध में मोहल्ले के वासियों ने बताया कि करीब 6 माह पूर्व बनी सड़क की गुणवत्ता की पोल खोल दी है। इस मार्ग पर में शायद ही कोई ऐसी सड़क हो जिस पर गड्ढे न हों। उल्लेखनीय है कि इस मार्ग के से गुजरने वाले दो पहिया वाहन चालकों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। इस सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे नजर आ रहे हैं।



# सीएम राइज स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**जबलपुर, यशभारत।** सीएम राइज स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गयी है। शैक्षणिक सत्र 2023-24 में प्रवेश के लिए आवेदन 15 फरवरी दोपहर 2 बजे तक स्वीकार किए जाएंगे। जिन स्कूलो में उपलब्ध सीट से अधिक आवेदन आते हैं तो उन स्कूलों में लाटरी सिस्टम से प्रवेश दिया जाएगा। इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआइ) की ओर से प्रवेश नीति जारी की गई है। जारी निर्देश के मुताबिक सीएम राइज चार वर्ष और केजी-2 में पांच वर्ष के बच्चों को प्रवेश दिया जाएगा। इन स्कूलों में नर्सरी में प्रवेश नहीं होंगे। जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी के मुताबिक सीएम राइज स्कूलों में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गयी है। 15 फरवरी को दोपहर 2 बजे तक आवेदन लिए जाएंगे। उपलब्ध सीट से अधिक आवेदन आने पर लॉटरी सिस्टम से बच्चों को प्रवेश दिया जाएगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार स्कूल में प्रवेश के लिए बच्चों के स्क्रीनिंग टेस्ट नहीं लिए जाएंगे। स्कूलों में केजी - 1 ( उदय) और केजी-2 (अरूण) की कक्षाएं संचालित की जाएंगी। प्रवेश नीति में यह उल्लेखित है कि कक्षा में बैठक व्यवस्था से अधिक प्रवेश नहीं देना है।प्रत्येक स्कूल प्राचार्य को अपने सूचना पटल पर कक्षावार रिक्तियों की सूची चस्पा करना अनिवार्य है। स्कूल प्राचार्य को अपने विद्यालय में विद्यार्थियों के बैठने की क्षमता का आकलन करना होगा। बैठने की क्षमता से अधिक स्कूलों में विद्यार्थियों को किसी भी स्थिति में प्रवेश नहीं देंगे।

**दो पाली में संचालन के लिए अनुमति जरूरी**

डीपीआई द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि शैक्षणिक सत्र 2023-24 में अधिकांश स्कूलों में नवीन भवनों का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाना है। ऐसी स्थिति में विद्यालय की वर्तमान भवन में काफी बड़ी संख्या में कमरे जीण-शीर्ण हालत में है। ऐसी स्थिति में एक पाली में स्कूल संचालित करना संभव नहीं है, इसलिए स्कूल के प्राचार्य डीपीआइ से अनुमति प्राप्त कर दो पाली में विद्यालय संचालित कर सकते हैं।

# अधारताल में पति की क्रूरता से पत्नी परेशान

### पीड़िता ने कहा शादी के एक साल तक रानी रही, बेटा होते ही नौकरानी बना दिया

**जबलपुर, यशभारत।** अधारताल थाने में एक महिला ने अपने पति के खिलाफ मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने का मामला दर्ज कराया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि शादी के एक साल तक पति ने रानी बनाकर रखा इसके बाद बेटा हुआ तो लातों की धूल समझकर रोज लात-घूसों से मारपीट कर रहा है। पापा-मम्मी के यहां से दहेज लाने को बोल रहा है, दहेज नहीं लाने पर नौकरानी जैसा सलूक किया जा रहा है। रोजना उसके साथ मारपीट की जा रही है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधारताल पुलिस के अनुसार महाकोशल कॉलोनी में रहने वाली महिला बीते दिन थाने पहुंची और पति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि सात पहले से उसका विवाह हुआ था। शादी के एक साल तक तो सब ठीक था लेकिन बेटा होते ही उसकी जिंदगी बदल गई। पति क्रूरता पर उतारू हो गया, उसके परिवार ने भेदभाव शुरू कर दिया। रोजाना उसके साथ नौकरानी जैसा सलूक किया जा रहा है। पति कहता है दहेज लेकर आओ तब घर में रहने मिलेगा, लात-घूसों से पति बेरहम बनकर मारपीट करता है। कई बार पति की शिकायत सास-ससुर से की लेकिन उसकी कोई नहीं सुन रहा है। पीड़ित महिला का कहना पति की प्रताड़नों से तंग हो चुकी है पुलिस सख्त कार्रवाई करें।



# स्टेशन पर वाणिज्य अधिकारियों की छापामारी

**जबलपुर यशभारत।** जबलपुर स्टेशन में खाद्य सामग्री बेचने के कार्य में लगे वेंडरो की सामग्री एवं अवैध रूप से स्टेशन में प्रवेश करके स्तर हीन सामग्री बेचने वालो के विरुद्ध एक विशेष अभियान चलाकर व्यापक कार्यवाही की गयी जबलपुर स्टेशन पर खाद्य सामग्री विक्रेता लायसेंस धारियों के पास खाद्य सामग्री के स्टाक एवं गुणवत्ता आदि की जाँच में केन्टीन के स्टोर में रखी पैकड लस्सी, मिल्क, बिस्कुट, नमकीन आदि सामग्री की अंतिम तिथि निकल जाने के बाद भी उनका स्टाक पाए जाने पर, जाँच के दौरान उन्हें नष्ट कराया गया. इसी तरह खाद्य सामग्री स्वरुप पुड़ी,कचोड़ी, समोसे, आलूबंडे आदि को निर्धारित वजन से कम वजन का पाए जाने पर प्रकरण दर्ज किया गया. इस दौरान स्टेशन पर घूमते हुए 15 अवैध वेंडरो को पकड कर रेल सुरक्षा बल के सुपुर्द करके वैधानिक कार्यवाही का निर्देश दिया गया. उल्लेखनीय है कि जनवरी माह में स्टेशन प्रबंधक वाणिज्य संजय जैसवाल द्वारा 126 अवैध वेंडरो को पकड कर उनसे 60 हजार रूपये से अधिक का जुर्माना भी वसूल किया जा चुका है. जाँच के दौरान स्टेशन के बाहर आवागमन में बाधक एवं अनाधिकृत रूप से नो पार्किंग क्षेत्र में खड़े वाहनों की पार्किंग किये जाने पर भी सख्ती दिखाते हुए आर.पी.एफ. को वाहनों को जब्त कारने का निर्देश दिया गया एवं पार्किंग ठेकेदार को हिदायत दी गयी.आज की इस कार्यवाही में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्व रंजन, मंडल वाणिज्य प्रबंधक सुनील श्रीवास्तव, देवेश सोनी, सहायक वाणिज्य प्रबंधक पंकज कुमार दुबे सहित वाणिज्य विभाग के निरीक्षक, स्टेशन प्रबंधक आदि भी उपस्थित थे. वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री रंजन ने सभी यात्रियों से अपील की है कि स्टेशन पर परिजनों को छोड़ने वाले कृपा अपने वाहन निर्धारित स्थल पर खड़ा करे तथा स्टेशन में खाद्य सामग्री वर्दीधारी वेंडरो से ख़रीदे एवं राशि का भुगतान डिजिटली माध्यम से ही करे।

**खाद्य सामग्री बेंचते 15 अवैध वेंडरो को पकड़ कर आर.पी.एफ. को सौंपा**

# युवक पर चाकू से हमला

### एक आरोपी ने हाथ पकड़े दूसरे ने सीने और चेहरे पर घोंप दिया चाकू



**जबलपुर, यशभारत।** बरेला के खररघाट में पुरानी रंजिश को लेकर दो आरोपियों ने एक युवक पर चाकू से प्राणघातक हमला कर लहूलुहान कर दिया। युवक घर लौट रहा था तभी घात लगाए बैठे दो युवक उस पर टूट पड़े और जमकर मारपीट की। हत्या की नीयत से एक युवक ने पीड़ित के दोनों हाथ पकड़ लिए जबकि दूसरे युवक ने चाकू निकालकर उसकेसीने और चेहरे पर दनादन वार करना शुरू कर दिया। घटना में युवक लहूलुहान हालत में मौके पर ही बेहोश हो गया। परिवारजनों को इसकी जानकारी लगी तो घायल को मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराते हुए दो आरोपियों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई। गौर चौकी पुलिस ने बताया राकेश कोल पिता मेवा कोल ने शिकायत दर्ज कराई वह काम करके बुधवार की रात घर लौट रहा था तभी पुराने विवाद को लेकर सुरेश और नवीन कोल मिले और गाली-गलौज करने लगे। गाली देने से मना किया तो दोनों उसके साथ लात-घूसों से मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद सुरेश ने उसके हाथ पकड़ लिए और नवीन ने हत्या करने के उद्‌देश्य से चाकू से वार कर दिया। पुलिस ने शिकायत पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# सिविल लाइन पुल नंबर 1 के नाले में मिला युवक का शव सिर में चोट के गंभीर निशान

**जबलपुर, यशभारत।** सिविल लाइन के पुल नंबर एक के पास आज गुरूवार को उस वक्त हड़कंप मच गया जब 30 वर्षीय युवक की लाश नाले से बरामद हुई। क्षेत्रीय लोगों ने इसकी सूचना सिविल लाइन थाने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजते हुए मर्ग को जांच में लिया। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार सूचना मिली कि एक नंबर पुल के पास एक नाले में 30 वर्षीय युवक की लाश पड़ी हुई है। मौके पर जाकर देखा तो मृतक युवक के सिर में गंभीर चोट थी, काफी खून निकल चुका था ऐसा प्रतीत हो रहा था कि नाले में गिरने से युवक को सिर में चोट लगी होगी जिसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### श्रीमती विमला उसरेटे दिवंगत



जगदीश मंदिर गढ़ा फाटक निवासी श्रीमती विमला उसरेटे का 80 वर्ष की आयु में निधन हो गया वह सुभाष नगर स्कूल में शिक्षिका थी और सुरेश, अरुण,अजय कुमार उसरेटे की बड़ी बहन थी।अंत्येष्टि रानीताल मुक्तिधाम में संपन्न हुई।

# महिला कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्षों की बैठक आज

### हाथ से हाथ जोड़ो अभियान पर बनेगी रणनीति

**जबलपुर,यशभारत।** शहर (जिला) कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जगत बहादुर सिंह अन्नू के निर्देशानुसार संगठन मंत्री मनोज सेठ ने बताया कि शहर (जिला) महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती कमलेश यादव के संयोजन में जबलपुर के शहर कार्यकारिणी शहरी क्षेत्र की चारों विधानसभा के 13 ब्लॉक अध्यक्षों, ब्लॉक कार्यकारिणी, वार्ड अध्यक्ष, वार्ड कार्यकारिणी की उपस्थिति में ब्लाक अध्यक्ष की महत्वपूर्ण वैठक का आयोजन दिनांक 2 फरवरी दोपहर 2-00 बजे से डॉ. बराट रोड स्थित समदड़िया होटल में किया जा रहा है। इस सम्मेलन में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू , पूर्व कैबिनेट मंत्री लखन घनघोरिया, तरुण भनोत, विधायक विनय सक्सेना, संजय यादव सह प्रभारी विभाष जैन सहित वरिष्ठ कांग्रेस जन उपस्थित रहेंगे।

# 16 लाख 50 हजार के बैंक लोन में गड़बड़झाला



पीड़ित युवक

**जबलपुर, यशभारत।** सिविल लाइन थाना अंतर्गत 16 लाख 50 हजार के बैंक लोन में गड़बड़झाला का एक सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। जहां कार बाजार के मालिक ने बैंक से लोन तो ले लिया, लेकिन किस्त जमा नहीं की। जिसके चलते गैरेंटर फंस गया। पीड़ित की शिकायत पर कार बाजार के मालिक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की बारीकी से पड़ताल कर रही है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि रंजीत चौधरी पिता स्वर्गीय डब्बल चौधरी 38 वर्ष निवासी बिलपुरा कॉलोनी रांझी ने पुलिस को बताया कि विकास उर्फ बंटू दुबे पिता मनोहर दुबे निवासी रेल्वे लाईन के सामने. म.नं. 381, विकास उर्फ बंटू दुबे जो कि बस स्टेण्ड तीन पत्ती चौक स्थित साई कार बाजार का संचालक है। उसके द्वारा विश्वास में लेते हुये इंडियन बैंक शाखा रानीताल चौक में अचल सम्पत्ति जो ग्राम मढ़ई में खसरा नं. 133/03 कुल रकवा 0.430 है। पीड़ित ने बताया कि भूमि में से 3200 वर्गफुट अटैच करके मुझसे एग्रीमेंट करके 16 लाख 50 हजार रुपये बैंक से ले लिये। कुछ समय बाद पीड़ित को पता चला कि विकास दुबे ने उसकी जमीन पर एग्रीमेंट करके जो लोन लिया है वह नहीं चुका रहा है, जो उसे नोटिस के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई, जिस पर जब पीड़ित ने विकास दुबे से बात की तो गालियां देकर जान से मारने की धमकी दी। जिसकी शिकायत पीड़ित ने हरिजन थाना. अनुसूचित जनजाति थाने में दी। तब विकास दुबे ने थाने में एक एग्रीमेंट साईन किया एवं सम्पूर्ण राशि कुछ समय में जमा करने की बात कही। मगर फिर बाद में उसने कुछ किश्तें जमा करने के बाद फिर राशि देना बंद कर दिया। इतना ही नहीं जो चैक उसने दिये थे यह बाउंस हो गये। विकास दुबे ने विश्वासघात किया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया गया है।

**नाम सुधार सूचना**

मैं मो. बिलाल खान पिता मो. मुबीन खान निवासी म.न.ई.डब्लू.एस. 71 न्यू आनंद नगर अधारताल जबलपुर मेरा पासपोर्ट में नाम बिलाल खान पिता मुबीन खान था जिसे सुधार कर मो. बिलाल खान पिता मो. मुबीन खान कराना चाहता हूं। मेरे आधार कार्ड एवं पेनकार्ड में मेरा नाम मो. बिलाल खान है, मुझे भविष्य में मो. बिलाल खान नाम से जाना पहचाना जाये।

**सही नाम- मो. बिलाल खान**
**गलत नाम- बिलाल खान**

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील अधारताल, जिला जबलपुर**

रा.प्र.क्र/अ-6/2022-2023
अधारताल, दिनांक 19/1/ 2023

**-: आम इश्तहार :-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कमला सोनी पति रामनाथ सोनी ब्लॉक नंबर 78 प्लाट नंबर 38 स्थित भूमि खसरा नंबर में से रकवा 851 वर्गफुट भूमि जो आवेदक के द्वारा विक्रेता विजय कुमार त्रिवेदी वगैरह से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 19.11.1981 से क्रय किया जाना लेख किया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 7.2.23 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**अधारताल, जबलपुर**

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील अधारताल, जिला जबलपुर**

रा.प्र.क्र/अ-6/2022-2023
अधारताल, दिनांक 19/1/ 2023

**-: आम इश्तहार :-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामनाथ सोनी पिता बाल मुकुंद सोनी मौजा ब्लॉक नंबर 48 प्लॉट नंबर 112 स्थित भूमि खसरा नंबर में से रकवा 83 वर्गफुट भूमि जो आवेदक के द्वारा विक्रेता सुलभ कुमार चौधरी वगैरह से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 18/4/1991 से क्रय किया जाना लेख किया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 7.2.23 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**अधारताल, जबलपुर**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेसर्स एस. पारवानी एंड कंपनी पं. क्र. 04/14/01/00221/12 दि. 03.11.2012 पता 77/4, जैकसन होटल कंपाउंड, साउथ सिविल लाइन्स, जबलपुर (म.प्र.) उक्त फर्म में तीन भागीदार है 1. श्री सुरेश कुमार पारवानी पिता स्व. श्री कुंदन दास पारवानी 2. श्री ईश्वर प्रसाद पारवानी पिता स्व. श्री कुंदन दास पारवानी 3. श्री संजय शर्मा पिता स्व. श्री सतीश चंद्र शर्मा उक्त फर्म में दिनांक 31.12.2022 को भागीदार क्र. 2. श्री ईश्वर प्रसाद पारवानी पिता स्व. श्री कुंदन दास पारवानी पता हॉउस नंबर 54, राजुल विहार, तिलहरी, मंडला रोड, जबलपुर रिटायर हो रहे है तथा उक्त फर्म में दिनांक 01.01.2023 को श्री अनिल पारवानी पिता श्री किशन कुमार पारवानी पता हॉउस नंबर 42, सन्निधि, राजुल विहार, तिलहरी, मंडला रोड, जबलपुर भागीदार के रूप में सम्मिलित हो रहे है एवं फर्म का पता परिवर्तित होकर नया पता हॉउस नंबर 30, देवज्ञा, शिवार्थ रेसिडेंसी, जसूजा सिटी, जबलपुर (म. प्र.) किया जा रहा है

अतः किसी भी व्यक्ति, फर्म, संस्था को कोई भी आपत्ति है तो वह 7 दिवस के भीतर रजिस्ट्रार फर्म के कार्यालय जबलपुर में सूचित करें।

**अभिषेक खरे**
**अधिवक्ता**
**मो. -7049367216**

### नए महाप्रबंधक ने परिचय बैठक संगठनों को आश्वस्त किया

# जीआईएफ के प्रत्येक कर्मचारी को मिलेगा उसका हक



**जबलपुर यशभारत।** जीआईएफ में नये महाप्रबंधक ने पदभार सम्हालने के बाद सभी संगठनों और कार्यसमिति से परिचय बैठक ली। महाप्रबंधक ने कार्यसमिति से पहली मुलाकात में ये विश्वास दिलाया कि निर्माणी में पर्याप्त वर्कलोड आएगा और हर कर्मचारी के खाते में पीस वर्क और ओवर टाइम के रूप में अतिरिक्त राशि भी मिलेगीसाथ ही एक सौहार्दपूर्ण तरीके निर्माणी में स्वक्छ औद्योगिक वातावरण बनाया जाएगा।महाप्रबंधक से मुलाकात के दौरान कार्यसमिति अध्यक्ष श्री बसक कार्यसमिति सचिव राकेश दुबे मजदूरयूनियन के महामंत्री मनोज साहू, राजेंद्र कुर्मी, भूपेंद्र विश्वकर्मा, रिफैत रिजवी, जितेंद्र नायक ,जे सी एम सदस्य राजेश पटेल, देवदत्त प्रधान, एवं नलिनीकांत आदिमौजूद रहे।

# अमित चौबे राष्ट्रीय संगठन मंत्री मनोनीत



**जबलपुर यशभारत।** गत दिवस भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा कर्मचारी महासंघ (आईएनडीडब्लूएफ)का राष्ट्रीय अधिवेशन कानपुर में संपन्न हुआ जिसमें शहर की आयुध निर्माणियों में कार्यरत इंटक यूनियनों के पदाधिकारियों ने शिरकत की।इस मौके पर खमरिया कर्मचारी यूनियन के कार्यवाहक अध्यक्ष अमित चौबे को राष्ट्रीय संगठन मंत्री बनाया गया।श्री चौबे की नियुक्ति पर वरिष्ठ श्रमिक नेता अरुण दुबे जयमूर्ति मिश्रा आनंद शर्मा संतोष सोनी सिद्धार्थ सिंह आनंद मिश्रा आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई है कि श्री चौबे सुरक्षा कर्मचारियों के हित में लगे रहेंगे।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर**

क्रमांक-अधी.यंत्री/का.सेल/2022-23/734-PRO-704 दिनांक 01.02.2023

**सार्वजनिक सूचना**

(म.प्र. नगर पालिका (कालोनी विकास) नियम 2021 के नियम 23 (3) के अंतर्गत)

नगर पालिक निगम जबलपुर के सीमा क्षेत्र में विद्यमान ऐसी अनाधिकृत कालोनियाँ जो दिनांक 31.12.2016 के पूर्व से ही अस्तित्व में है, जो नागरिक अधोसंरचना प्रदान के उद्देश्य से चिन्हित किए जाने की प्रक्रिया नगर निगम द्वारा प्रारंभ की गई है। इस संबंध में इस कार्यालय द्वारा निर्दिष्ट तारीख के पूर्व की कॉलोनियों की सूची म.प्र. नगर पालिका (कालोनी विकास) नियम 2021 के नियम 23 (2) के तहत नगर निगम की बेवसाईट पर उपलब्ध कराने की सूचना दैनिक स्थानीय पत्रिका, हितवाद, नई दुनिया एवं दैनिक भास्कर में दिनांक 07.10.2022 के समाचार पत्रों में प्रकाशित कराई गई है। प्रकाशित सूचना में दर्शाई गई तिथि में किसी प्रकार की दावा आपत्ति इस कार्यालय में प्राप्त नहीं हुई है। अतः पुनः इस प्रक्रिया के तहत उक्त निर्दिष्ट तारीख अर्थात दिनांक 31.12.2016 तक अस्तित्व में आई अनाधिकृत कॉलोनियों को नागरिक अधोसंरचना प्रदान करने हेतु चिन्हित करने के लिए नगर निगम द्वारा व्यापक सर्वेक्षण प्रारंभ किया गया है। सर्वेक्षण के दौरान सर्व संबंधित जन अनाधिकृत कॉलोनी से संबंधित आवश्यक जानकारी एवं दस्तावेज उपलब्ध करा सकते है।

उक्त अनुक्रम में एतद् द्वारा म.प्र. नगर पालिका (कालोनी विकास) नियम 2021 के नियम 23 (3) के प्रावधानों अनुसार सर्व साधारण एवं आम जन को यह भी सूचित किया जाता है, निगम (1) http://nagarnigamjabalpur.org (2) http://jabalpur.nic.in में प्रकाशित अनाधिकृत कॉलोनियों की सूची जो निगम द्वारा 07.10.2022 को प्रकाशित है ऐसी अनाधिकृत कॉलोनियाँ जो दिनांक 31.12.2016 तक अस्तित्व में आई है, कि पुष्टि हेतु समस्त आवश्यक जानकारी/दस्तावेज नगर निगम मुख्यालय के कार्यालय कक्ष क्रमांक -5 कॉलोनी सेल में 15 दिवस के भीतर प्रस्तुत कर सकते है।

**अपर आयुक्त**
**नगर निगम, जबलपुर**

**मध्यप्रदेश शासन नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण**

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री (वि./यां.) संभाग क्रमांक 2 बरगीनगर जबलपुर (म.प्र.) 482056**

Email ID-eeemdv2bargidam@gmail.com

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्न कार्य की ऑनलाइन निविदा प्रतिशत दर (अपेडिक्स 2.10) ई- प्रोक्यूरमेंट सिस्टम पोर्टल www.mptenders.gov.in पर जारी की जा रही है। निविदा की संक्षिप्त जानकारी निम्नानुसार है।

| निविदा क्र | ई निविदा क्र | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित राशि (रु.में) | धरोहर राशि (रु.में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदाकार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 178/तक 2022 -23 दिनांक 24.1.2023 | 2022 NVDA-246988-1 | संभागीय कार्यालय बरगीनगर जबलपुर में कम्प्यूटर संचालन हेतु आउटसोर्सिंग के माध्यम से एक कम्प्यूटर ऑपरेटर उपलब्ध कराने का कार्य। | 1,51,920.00 (रुपये एक लाख इंकावन हजार नौ सौ बीस) मात्र | 3038.00 (रु.तीन हजार अड़तीस मात्र) | 1000.00 (रु.एक हजार मात्र) | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.)भोपाल में पंजीकृत अथवा अनुभवी एजेंसी | 12 माह (अनुबंध की तिथि से) |
| 179/तक 2022 -23 दिनांक 24.1.2023 | 2022 NVDA-246991-1 | रा.अ.वा.लो.सा.परि.बांयी तट नहर साडुमार शाखा नहर की आर.डी.0.00 कि.मी. से आर.डी. 21.938 कि.मी.,अमोदा वितरण नहर की आर.डी.16.42 कि.मी. से आर.डी.23.61 कि.मी. एवं छीतापार माइनर की आर.डी.1.825 कि.मी. पर लगे हेड क्रास रेगुलेटर एवं एस्केप गेटों का सुधार कार्य। | 2,78,990.00 (रुपये दो लाख अठहत्तर हजार नौ सौ नब्बे) मात्र | 5580.00 (रु.पांच हजार पांच सौ अस्सी मात्र) | 2000.00 (रु.दो हजार मात्र) | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.)भोपाल में पंजीकृत | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| 180/तक 2022 -23 दिनांक 24.1.2023 | 2022 NVDA-246994-1 | रा.अ.वा.लो.सा.परि.बांटी तट नहर भदगवा शाखा नहर की आर.डी.1.00 कि.मी. से आर.डी.16.80 कि.मी.पर लगे हेड एवं क्रास रेगुलेटर गेटों का सुधार कार्य। | 2,62,788.00 (रुपये दो लाख बासठ हजार सात सौ अठासी) मात्र | 5256.00 (रु.पांच हजार दो सौ छप्पन मात्र) | 2000.00 (रु.दो हजार मात्र) | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.)भोपाल में पंजीकृत | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| 181/तक 2022 -23 दिनांक 24.1.2023 | 2022 NVDA-246995-1 | रा.अ.वा.लो.सा.परि.बांटी मुख्य नहर की आर डी 30.00 कि.मी.एवं आर.डी.31.00 कि.मी. पर लगे हेड क्रास रेगुलेटर एवं एस्केप गेटों का सुधार कार्य | 2,45,045.00 (रुपये दो लाख पैंतालीस हजार पैंतालीस) मात्र | 4901.00 (रु.चार हजार नौ सौ एक मात्र) | 2000.00 (रु.दो हजार मात्र) | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.)भोपाल में पंजीकृत | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| 182/तक 2022 -23 दिनांक 24.1.2023 | 2022 NVDA-24701-1 | बरगी व्यपवर्तन परियोजना दांयी तट मुख्य नहर की आर.डी.98.33 कि.मी. एवं आर.डी.99.775 कि.मी. पर लगे हेड,क्रास रेगुलेटर एवं एस्केप गेटों का सुधार कार्य। | 82,284.00 (रुपये बयासी हजार दो सौ चौरासी) मात्र | 1646.00 (रु.एक हजार छः सौ छियालीस) मात्र | 1000.00 (रु.एक हजार मात्र) | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.)भोपाल में पंजीकृत | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| 183/तक 2022 -23 दिनांक 24.1.2023 | 2022 NVDA-247015-1 | बरगी व्यपवर्तन परियोजना दांयी तट नहर की मझौली शाखा नहर की लमकना माइनर की आर.डी.. 10.34 कि.मी. से आर.डी. 19.240 किमी.पर लगे हेड एवं क्रास रेगुलेटर गेटों का सुधार कार्य। | 82,009.00 (रुपये बयासी हजार नौ) मात्र | 1646.00 (रु.एक हजार छः सौ चालीस) मात्र) | 1000.00 (रु.एक हजार मात्र) | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.)भोपाल में पंजीकृत | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| | | कुल योग रु. | 11,03,036.00 | | | | |

निविदा प्रपत्र क्रय करने की तिथि अंतिम - 13/02/2023, 17.30 तक (केवल आनलाइन)
निविदा की धरोहर राशि खुलने की तिथि - 15/02/2023,10.30 से 15/02/2023 तक (केवल आनलाइन)
प्राइज बीड जमा करने की तिथि अंतिम - 13/02/2023, 17.30 तक (केवल आनलाइन)
प्राईज बीड खुलने की तिथि - 15/02/2023 10.31 से 15/02/2023 ,17.30 तक (केवल आनलाइन)

निविदा प्रपत्र को उपरोक्त वेबसाइट पर केवल ऑन लाइन क्रय किया जा सकता है। ऑनलाइन पर भुगतान डेबट/कैश कार्ड या इन्टरनेट बैंकिंग अकाउण्ट्स के माध्यम से किया जा सकता है।
निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाइट wwwmptenders.gov.in का अवलोकन करें।

G-22367/22

**(पी.के. जवार) कार्यपालन यंत्री**
**नर्मदा विकास (वि./यां) संभाग क्रमांक -2**
**बरगी नगर जबलपुर (म.प्र.)**

**दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी**

# सीएम शिवराज बोले- समन्वय और समय प्रबंधन से जनता की जिंदगी बदलकर दिखाएं

**भोपाल, यशभारत। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को कलेक्टर-कमिश्नर कॉफ्रेंस के दूसरे और अंतिम दिन कहा विकास यात्रा, जनकल्याण का महायज्ञ बने। विकास यात्रा के समय दिव्यांग कल्याण, नामांतरण और अन्य कार्यों के साथ ही विद्यार्थियों को जाति प्रमाण पत्र देने के कार्य की भी शुरूआत की जाए। प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की टीम परस्पर समन्वय से और प्रत्येक क्षण का उपयोग करते हुए प्रदेश की जनता की जिंदगी बदल कर दिखाए।**

विकास यात्रा के बाद जिले के संपूर्ण विकास की बैठक की जाए। सीएम ने कहा कि ऐसा प्रयास होना चाहिए कि यात्रा विकास और जनकल्याण का महायज्ञ सिद्ध हो। उन्होंने सड़क पर घूमने वाले बेसहारा बच्चों का सर्वे करने के भी निर्देश गृह विभाग की समीक्षा बैठक में दिये। सीएम ने कहा कि आगामी 23 मार्च को वर्तमान सरकार के कार्यकाल के तीन वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। इस अवधि में कोरोना महामारी के बाद भी विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं। तीन वर्ष का रिपोर्ट कार्ड आम जनता के सामने रखा जाएगा। इसके पूर्व कलेक्टर्स द्वारा मुख्यमंत्री की घोषणाओं को पूर्ण किए जाने के कार्य पूरे किए जाएं। जीरो टारलेंस के आधार पर आम जन के सभी कार्य बिना किसी अनियमितता और लापरवाही के पूर्ण होना चाहिए। योजनाओं को लेकर भ्रामक खबर सामने आती है तो उसका खंडन किया जाए।

### कलेक्टर्स के नवाचारों का सराहा

मुख्यमंत्री ने उज्जैन, इंदौर और भोपाल पुलिस द्वारा नवाचारों की प्रशंसा की। भोपाल पुलिस के पुलिसकर्मियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए प्रारंभ किया गया नई परेड का प्रयोग सराहनीय है। इंदौर पुलिस के मूक बधिर हेल्प लाइन, उज्जैन पुलिस के श्री महाकाल मंदिर भीड़ प्रबंधन- जन सहयोग को सराहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अक्सर कलेक्टर और एसपी की मित्रता देखने को मिलती है। वास्तव में ऐसा होने से समाधान के मार्ग निकलते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा जिस तरह यह राज्य स्तरीय बैठक हुई है, प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में जिलों में विकास के बारे में ऐसी बैठक उपयोगी रहेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिलों में विभिन्न छात्रावासों में रहने वाले विद्यार्थियों को हम सभी के स्नेह की आवश्यकता भी होती है। उन्हें आवश्यक सुविधाओं के साथ आत्मीयता का वातावरण उपलब्ध कराएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सिंधी और बंगाली विस्थापित नागरिकों की पट्टों की समस्याओं का निराकरण किया जाए। इसके साथ ही मुख्यमंत्री नगरीय भू -अधिकार योजना और शहरी आवास योजना के हितग्राहियों को लाभ पहुंचाते हुए अवैध कालोनियों के लिए अधोसंरचना विकास के कार्य किए जाएं।



## 23 मार्च को रखेंगे रिपोर्ट कार्ड

### राष्ट्र विरोधियों पर सख्त कार्रवाई हो

मुख्यमंत्री ने कहा कि जल जीवन मिशन, सीएम राइज विद्यालय, संबल टू योजना, तीर्थ दर्शन योजना, कन्या विवाह योजना, सुचारु बिजली आपूर्ति, दबंगों से मुक्त कराई गई प्रदेश की 23 हज़ार एकड़ भूमि में निर्धन तबके को बसाने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाए। प्राकृतिक कृषि के इच्छुक किसानों को आवश्यक मार्गदर्शन और सहायता दी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में नशा मुक्ति अभियान के संचालन और कानून व्यवस्था की स्थिति बेहतर बनाए रखने के लिए राष्ट्र विरोधी तत्वों को चिन्हित कर अंकुश की प्रभावी कार्रवाई की जाए।

### इस सप्ताह तीन महत्वपूर्ण कार्यक्रम

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सप्ताह तीन महत्वपूर्ण कार्यक्रम हैं। आगामी 3 फरवरी को विदिशा से किसानों को मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की राशि अंतरित करने, संत रविदास जयंती पर 5 फरवरी से पूरे प्रदेश में विकास यात्रा के शुभारंभ और 8 फरवरी को सागर में संत रविदास महाकुंभ के लिए आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।



# अधिकारियों के वाहन पर फिर सजने लगीं रंग-बिरंगी बत्तियां, लगे हैं हूटर

**भोपाल ईएमएस।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील पर देश भर में वीआइपी कल्चर समाप्त कर दिया गया है, नेताओं की गाड़ी से लालबत्ती उतर चुकी है, लेकिन अधिकारियों में वीआइपी कल्चर अब भी बना हुआ है। कलेक्टर कमिश्नर कांफ्रेंस में भाग लेने के लिए आए अधिकारियों के वाहनों पर फिर रंग-बिरंगी बत्तियां नजर आई। एक कलेक्टर तो देर रात अपने वाहन में बत्ती जलाकर घूमते मिले। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने बत्ती कल्चर खत्म करने के लिए ही वाहन से बत्ती हटवाई थी, लेकिन अब वही स्थिति बनने लगी। मंत्रालय के प्रांगण में प्रदेशभर के ऐसे दस से अधिक जिला कलेक्टरों के वाहन पर हूटर के साथ एम्बर (रंग-बिरंगी) बत्ती लगी हुई मिली। इनमें रीवा कलेक्टर का वाहन क्रमांक एमपी-17/जेडए 1553, नरसिंहपुर कलेक्टर का वाहन क्रमांक एमपी-49/टीआइ-1229, छिंदवाड़ा कलेक्टर का वाहन क्रमांक एमपी-28/बीडी-4325 और शहडोल कलेक्टर का वाहन क्रमांक एमपी-18/बीबी 8089 सहित देवास एवं अन्य जिलों के कलेक्टरों के वाहनों में हूटर और एम्बर चमचमाते नजर आए। परिवहन विभाग ने कहा कि जिला स्तर का अधिकारी अपने जिले के अंदर भ्रमण के दौरान वाहन में बत्ती लगा सकता है, लेकिन जिले की सीमा से बाहर अपने वाहन में किसी भी प्रकार की बत्ती लगाने की अनुमति नहीं है। कलेक्टर को भी जिलादंडाधिकारी होने के नाते वाहन में एम्बर लगाने की अनुमति है, लेकिन जिले के बाहर आने पर वाहन से एम्बर उतारना या उसे ढंकने का प्रविधान है।




# भोपाल की सड़कों पर इलेक्ट्रिक बाइक एप के जरिए मिलेगी सेवा

**भोपाल यशभारत।** राजधानी में गुरुवार से स्मार्ट सिटी कंपनी इलेक्ट्रिक बाइक की शुरुआत करने जा रही है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान स्मार्ट सिटी पार्क में 75 इलेक्ट्रिक बाइक को हरी झंडी दिखाएंगे। शहर में इन इलेक्ट्रिक बाइक के लिए छह डाकिंग स्टेशन बनाए गए है। ये स्टेशन टीटी नगर स्टेडियम, आईएसबीटी, एमपी नगर जोन-1, प्लेटिनम प्लाजा (अटल पथ), वन-विहार एवं बोट क्लब पर बने हैं। आवश्यकता व नागरिकों की मांग के अनुसार इलेक्ट्रिक बाइक व डाकिंग स्टेशनों की संख्या बढ़ाई जाएगी।राजधानी में स्मार्ट सिटी की इलेक्ट्रिक बाइक की अधिकतम गति 20 किलोमीटर प्रति घंटा रहेगी। यह फुल चार्ज बैट्री में 35 किलोमीटर तक दौड़ेगी। यह सिंगल सिटिंग केपेसिटी की होगी। यानी इसमें सिर्फ एक व्यक्ति ही बैठ सकेगा। इलेक्ट्रिक बाइक को किराये पर लेने के लिए मोबाईल पर गूगल प्ले स्टोर से चार्टेड बाइक एप डाउनलोड करना होगा। इस पर रजिस्ट्रेशन के पश्चात सुरक्षा निधि न्यूनतम 100 रुपये जमा करनी होगी। एप के माध्यम से क्यूआर कोड स्कैन कर इलेक्ट्रिक बाइक को किराये पर लिया जा सकता है। प्रथम 15 मिनट के लिए इलेक्ट्रिक बाइक का किराया 20 रुपये होगा। इसके बाद प्रति मिनट रुपए की दर से चार्ज लगाया जाएगा। लोकार्पण के साथ ही गुरूवार को इलेक्ट्रिक बाइक रैली भी स्मार्ट पार्क से आयोजित की गई है। जो डिपो चौराहा, पी एण्ड टी चौराहा, संजय काम्पलेक्स, माता मंदिर, प्लेटिनम प्लाजा होते हुए टीटी नगर स्टेडियम पहुंचेगी।

# किराये का घर दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले दो लोग राजस्थान से गिरफ्तार

**भोपाल , ईएमएस।** राजधानी भोपाल में किराये का घर दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले ठगो को सायबर क्राइम टीम ने राजस्थान से गिरफ्तार किया है। आरोपी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक, इंस्टाग्राम, गूगल समेत विभिन्न साइटों पर मकान किराये से देने का विज्ञापन डालते थे। सायबर पुलिस के अनुसार 19 सितंबर 2022 को लिखित शिकायत मिली। इसमें पीड़ित ने बताया कि उसने बैंगलोर में रहने के लिए कमरा किराए से लेने के लिए गूगल पर नंबर सर्च किया। जहां मिले नंबर 737983084 पर कॉल किया। जिस पर कमरे देने के लिए एडवांस पेमेंट करेन के लिए कहा गया। इसक बाद अलग-अलग किशत में 81, 200 रुपए की ठगी कर ली गई। शिकायत पर सायबर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की।

# स्वास्थ्य मंत्री प्रभुराम बोले- फाइलेरिया रोग के उन्मूलन के लिए जन-सहभागिता बहुत जरूरी

**भोपाल, ईएमएस।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एम.डी.ए.) एवं फाइलेरिया के कम्युनिकेशन कैम्पेन का राज्य स्तरीय शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रभुराम चौधरी ने कहा कि च्फाइलेरिया रोग के उन्मूलन के लिए जन- सहभागिता बहुत जरूरी है। राज्य को इस रोग से मुक्त करने के लिए एक साथ मिशन मोड में कार्य करें। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि फाइलेरिया रोग का उन्मूलन गरीबी को कम कर सकता है, असमानता को दूर कर सकता है, स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत कर एक बेहतर समाज का निर्माण कर सकता है। स्वास्थ मध्य प्रदेश के लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार महत्वपूर्ण स्वास्थ्य एवं विकास लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयत्नशील है। फाइलेरिया या हाथीपांव रोग से बचाने के लिए राज्य के 8 जिलों - कटनी, उमरिया, टीकमगढ़, निवाणी , दतिया में (2 दवाओं डीईसी, अल्बंडाजोल के साथ) एवं पन्ना, रीवा एवं छतरपुर में (3 दवाओं डीईसी, अल्बंडाजोल एवं आईवरमेंक्टिन के साथ ) 10 फरवरी से 22 फरवरी तक सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम चलाया जाएगा। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के आयुक्त एवं सचिव स्वास्थ्य, डॉ. सुदाम पी. खाड़े ने कहा कि सामूहिक दवा सेवन के सफल क्रियान्वयन के लिए विकास खण्ड स्तर के प्रशिक्षण सुनिश्चित किये जाएं, माइक्रो प्लान को सम्बंधित जिलों के जन-प्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ साझा किया जाए। ताकि कार्यक्रम के अंतर्गत समस्त गतिविधियों का सम्पादन सुचारू रूप से सम्पादित किया जा सके। इसके साथ ही राज्य में 5 फरवरी से 25 फरवरी तक शुरू होने वाली विकास यात्रा के दौरान फाइलेरिया से सम्बंधित प्रचार- प्रसार सामग्री को यात्रा के दौरान चलने वाले मोबाइल रथों के माध्यम से लगों को दिखाया और सुनाया जाये ताकि इस रोग के बारे में लोगों में जागरूकता बढे। कार्यक्रम के दौरान किसी भी अपरिहार्य स्थिति से निपटने के लिए कॉल सेंटर और कण्ट्रोल रूम स्थापित किये जाएं। मिशन निदेशक, प्रियंका दास ने कहा कि सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम में दवाओं का अभाव कभी नहीं था, केवल लोगों द्वारा इसके सेवन को सुनिश्चित करना एक चुनौती थी।



# आयकर छूट की सीमा बढ़ने से मप्र के सवा लाख कर्मचारियों को होगा लाभ

**भोपाल यशभारत।** केंद्र सरकार के बजट में आयकर छूट की सीमा पांच लाख से बढ़ाकर सात लाख किए जाने से प्रदेश के सवा लाख कर्मचारियों को लाभ होगा। वह आयकर की सीमा से बाहर हो गए हैं। इनमें लगभग 80 प्रतिशत कर्मचारी तृतीय और बाकी चतुर्थ श्रेणी के हैं। द्वितीय श्रेणी के अधिकारियों का वेतन-भत्ता सात लाख रुपये से अधिक होता है। इस कारण छूट की सीमा बढ़ने के बाद भी उन्हें लाभ नहीं मिलेगा।प्रदेश में नियमित, संविदा और निगम-मंडल मिलाकर लगभग साढ़े सात लाख कर्मचारी हैं। इनमें पौने चार लाख तृतीय श्रेणी हैं।तृतीय श्रेणी कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव उमाशंकर तिवारी ने कहा कि ऐसे तृतीय श्रेणी कर्मचारी जिनकी सेवा लगभग 28 वर्ष से ज्यादा हो गई है उनका वार्षिक वेतन सात लाख से ऊपर है। उन्होंने कहा कि कर्मचारी संगठनों की मांग रही है कि कर्मचारियों को आयकर के दायरे मुक्त रखा जाना चाहिए, पर केंद्र सरकार ने इस पर ध्यान नहीं दिया।

# मंत्री सारंग के बंगले का घेराव करने पहुंचा एनएसयूआई नेता गिरफ्तार

## सीएम आवास घेराव की दी चेतावनी

**भोपाल , ईएमएस।** चिकित्सा शिक्ष मंत्री विश्वास सारंग के बंगले का घेराव करने पहुंचे एनएसयूआई नेता रवि परमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के विरोध में छात्र संगठन ने सीएम आवास घेराव की चेतावनी दी है। वहीं, पीसीसी मुख्यालय के बाहर कैंडल जलाकर कानून व्यवस्था को श्रद्धांजलि देने का प्रदर्शन किया। एनएसयूआई के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बुधवार को चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग के बंगले के बाहर प्रदर्शन करने पहुंचे थे। एनएसयूआई के कार्यकर्ता तीन साल से नर्सिंग छात्र छात्राओं की परीक्षाएं कराने की मांग और नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल में भ्रष्टाचार को लेकर प्रदर्शन करने पहुंचे थे। यहां बिना अनुमति प्रदर्शन कर नारेबाजी और मंत्री के इस्तीफे की मांग की। इसके बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हटाना शुरू किया। पुलिस ने एनएसयूआई छात्र नेता रवि परमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एनएसयूआई का आरोप है कि पुलिस ने अन्य छात्रों के साथ मारपीट भी की। परमार की गिरफ्तारी के खिलाफ एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने कैंडल जलाकर कानून व्यवस्था को श्रद्धांजलि दी। बुधवार शाम पीसीसी दफ्तर के बाहर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने मोमबत्ती जलाकर कानून व्यवस्था को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान एनएसयूआई के लक्की चौबे ने कहा कि छात्र नेताओं के साथ तानशाही रवैया बर्दास्त के बाहर है।

# दो हजार की रंगदारी मांगी, मना किया तो बदमाशों ने चार्टर्ड बस चालक को चाकू से गोदा

**भोपाल यशभारत।** राजधानी में बदमाशों के हौसले बुलंद हैं। हफ्ता नहीं देने पर रेस्टारेंट संचालक के हाथ की अंगुली काटकर फरार हुए बदमाश अरशद उर्फ बब्बा का पुलिस अभी तक पता नहीं लगा पाई है। उधर कोहेफिजा थाना इलाके में दो हजार रुपये की रंगदारी नहीं देने पर बदमाशों ने बस चालक को चाकू से गोद दिया। वारदात के बाद तीनों आरोपित फरार हो गए। मुख्य आरोपित आबिद पर विभिन्न थानों में एक दर्जन प्रकरण दर्ज हैं।कोहेफिजा थाने के एसआइ रमेश शर्मा ने बताया कि निशातपुरा निवासी 40 वर्षीय राजकुमार साहू भोपाल-इंदौर के बीच चलने वाली चार्टर्ड बस चलाता है। मंगलवार रात को वह इंदौर से यात्रियों को लेकर भोपाल पहुंचा था। उसने हलालपुर बस स्टैंड पर बस रोकी, लेकिन बस में हलालपुर में उतरने वाली कोई सवारी नहीं थी। राजकुमार बस को लेकर आइएसबीटी की तरफ जाने वाला था, तभी आटो चालक आबिद ने आइएसबीटी जाने के बजाय सभी सवारियों को यहीं उतारने को बोला। राजकुमार, आबिद की बात की अनुसुनी कर बस लेकर आइएसबीटी के लिए रवाना हो गया। वहां यात्रियों को उतारने के बाद राजकुमार रात लगभग सवा तीन बजे वापस हलालपुर बस स्टैंड आया। उसने वाटिका रेस?टोरेंट के सामने बस खड़ी की, तभी आबिद अपने दो साथियों के साथ वहां पहुंचा। उसने राजकुमार से दो हजार रुपये मांगे। मना करने पर तीनों ने चाकू से राजकुमार पर ताबड़तोड़ वार कर दिए।



राजकुमार के हाथ-पैरों में गंभीर चोट लगी हैं। वारदात के बाद तीनों आरोपित मौके से फरार हो गए।

गिरोह है सक्रिय

बताया जाता है कि हलालपुर बस स्टैंड पर बदमाशों का गिरोह सक्रिय हैं। आटो चलाने की आड़ में गुंडे बस चालकों को रात में हलालपुर बस स्टैंड पर ही सवारियों को उतारने के लिए मजबूर करते हैं। इसके बाद यात्रियों को शहर तक छोड़ने के ऐवज में मनमाना किराया वसूल करते हैं। उधर, 28 जनवरी को 12 घंटे में चार वारदातों को अंजाम देकर फरार हुए निगरानीशुदा बदमाश अरशद उर्फ बब्बा का पुलिस अभी तक सुराग नहीं लगा सकी है। अरशद ने अपने साथियों के साथ मिलकर काजी कैंप में वसीम खान के मैनेजर पर 5000 रुपये का हफ्ता मांगा था। मना करने पर उसने रेस्टोरेंट में तोड़फोड़ कर दी थी

# दिल्ली में मध्य प्रदेश भवन का आज मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे लोकार्पण

**भोपाल ईएमएस।** दिल्ली के चाणक्यपुरी क्षेत्र में मध्य प्रदेश सरकार का सर्वसुविधायुक्त च्मध्य प्रदेश भवनज्ज तैयार हो गया है। इसका लोकार्पण आज शाम साढ़े छह बजे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान राज्य के सभी मंत्रियों, सांसदों और विधायकों की उपस्थिति में करेंगे।150 करोड़ रुपये की लागत से चाणक्यपुरी क्षेत्र में जीसस एंड मेरी मार्ग पर डेढ़ एकड़ में बना यह भवन किसी पांच सितारा होटल से कम नहीं है। छह मंजिला इस भवन में 104 कमरे हैं। लोकार्पण कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री मंत्रियों, सांसदों और विधायकों के साथ विकास यात्रा को लेकर चर्चा भी करेंगे।सामान्य प्रशासन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आगामी 40 साल की आवश्यकता को देखते हुए नया भवन तैयार किया गया है। इसमें 66 डीलक्स, 38 सामान्य के साथ चार वीआइपी कमरे हैं।मेहमानों को ठहराने के लिए कक्षों में सभी आधुनिक सुविधाएं भी मुहैया कराई गई है। भवन के कांफ्रेंस रूम में एक साथ 45 लोगों के बैठने की व्यव्यस्था है।



## मिशन 2023-24 पर नजर

# बुंदेलखंड को साधने केन-बेतवा लिंक परियोजना के लिए दिए 3500 करोड़ रुपये

भोपाल ,यशभारत। नवंबर में मध्य प्रदेश विधानसभा के चुनाव और अप्रैल-मई, 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव को देखते हुए सरकार अब केन-बेतवा लिंक परियोजना के काम में गति लाएगी। यह केंद्र और राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना होने के साथ मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र को सीधे तौर पर प्रभावित करती है। इसके लिए केंद्र सरकार ने बजट में नदी जोड़ो परियोजना के तहत 3500 करोड़ रुपये का प्रविधान रखा है। वहीं, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के कंप्यूटरीकरण के लिए भी आर्थिक सहायता दी जाएगी। इसके लिए प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्ताव भेजा जा चुका है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के प्रविधान में कमी का असर प्रदेश में पड़ सकता है क्योंकि सरकार ने खेत सड़क से लेकर अन्य योजनाएं प्रस्तावित की हैं। केंद्र सरकार ने मनरेगा के बजट में 29,600 करोड़ रुपये की कमी कर दी है। केन-बेतवा



नदी जोड़ो परियोजना से मध्य प्रदेश के पन्ना, टीकमगढ़, छतरपुर, सागर, दमोह, दतिया, शिवपुरी, विदिशा और रायसेन जिले में आठ लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में सिंचाई की क्षमता विकसित होगी। साथ ही 40 लाख से अधिक परिवारों के लिए पेयजल की व्यवस्था होगी।44,605 करोड़ रुपये की इस परियोजना के लिए आगामी वित्तीय वर्ष के बजट में 3500 करोड़ रुपये रखे गए हैं। इस राशि से काम में तेजी आएगी। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि तीन से चार माह में निविदा की प्रक्रिया की जाएगी। केंद्रीय बजट में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के कंप्यूटरीकरण के लिए 968 करोड़ रुपये का प्रविधान रखा गया है। प्रदेश सरकार ने सभी 4500 समितियों के कंप्यूटरीकरण का प्रस्ताव तैयार करके केंद्र सरकार को भेजा है। विभागीय अधिकारियों को उम्मीद है कि सबसे पहले प्रस्ताव भेजने के कारण लगभग 100 करोड़ रुपये प्राप्त हो सकते हैं। शहरी अधोसंरचना विकास के लिए विशेष प्रविधान रखे जाने का लाभ प्रदेश के श्रेणी- दो और श्रेणी-तीन के शहरों को होगा। इसके लिए प्रस्ताव बनाकर केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। ग्रामीण क्षेत्र में स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने, मत्स्य पालन को बढ़ावा देने, सिकल सेल एनीमिया के उन्मूलन, उज्ज्वला योजना अंतर्गत गैस कनेक्शन देने संबंधी योजना का लाभ भी मध्य प्रदेश को मिलेगा।

वर्तमान में संचालित केंद्रीय योजना में राशि जहां बढ़कर प्राप्त होगी। वहीं, प्रधानमंत्री आवास, जल जीवन मिशन, एकलव्य विद्यालय में शिक्षकों की भर्ती आदि योजना के प्रविधान का भी अधिकाधिक लाभ मिलेगा। सड़क परियोजनाओं को गति देने के लिए राज्य को पर्याप्त राशि उपलब्ध होगी।केंद्र सरकार ने 1,62,207 करोड़ रुपये का प्रविधान भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के लिए रखा है। प्रदेश में ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में अटल प्रगति पथ का काम प्रारंभ होने वाला है।

# औषधीय फसल चिया का कृषि अधिकारियों ने किया फील्ड प्रदर्शन



**पाटन, यशभारत।** विकासखंड के अंतर्गत ग्राम करैया में उप संचालक कृषि डॉ एसके निगम के निर्देशन में नवाचार फसल प्रदर्शन अंतर्गत औषधीय फ़सल चिया की खेती का कृषि अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए नवाचार अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी डॉ इंद्र त्रिपाठी ने किसानों को फसल विविधीकरण के संबंध में भी जानकारी प्रदान की साथ ही उन्होंने बताया कि इस बार विकासखंड में 5 किसानों द्वारा औषधीय फसल चिया की खेती की जा रही है चिया की खेती के लिए 5 किलो बीज प्रति एकड़ लगता है बही इस का उत्पादन 4-5 क्विंटल रहता है चिया में ओमेगा 3 एसिड होने से यह हृदय के लिए फायदेमंद होता है साथ ही विटामिन की काफी अधिकता रहती है जो कि मधुमेह और वजन घटाने में कारगर सिद्ध हुई है प्रदर्शन के दौरान उप संचालक कृषि डॉ एसके निगम अनुविभागीय कृषि अधिकारी डॉ इंद्र त्रिपाठी रवि आमला बंसी श्रीकांत यादव आरके परोहा पुष्पेंद्र गौतम के साथ कृषक उत्तम सिंह कैलाश यादव और अन्य किसान उपस्थित रहे।

## खेल महोत्सव का समापन



**पाटन, यशभारत।** पाटन के दीनदयाल स्टेडियम में विधानसभा स्तर के खेल महोत्सव का विगत 2 दिनों से आयोजन किया जा रहा था जिसमें ग्राम पंचायत स्तर की टीमों ने हिस्सा लिया खेल प्रतियोगिताओं में कबड्डी और रस्साकशी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसका समापन बुधवार को हुआ पाटन विधायक अजय विश्नोई के द्वारा विजेता टीमों को पुरस्कृत भी किया गया कबड्डी प्रतियोगिता में फाइनल मुकाबला ग्राम थाना और पोंडी छपरी के बीच हुआ जिसमें थाना पंचायत की टीम को 39 अंकों के साथ विजयश्री हासिल हुई वही रस्साकशी में सिमरिया कंतौरा और पोंडी छपरी हुए मुकाबले में सिमरिया कंतौरा ने दो अंको से विजयश्री हासिल की विधायक अजय विश्नोई द्वारा विजेता टीमों को शीट मेटल और 21000 की राशि से पुरस्कृत किया गया वही उपविजेता टीमों को 11000 की पुरस्कार राशि प्रदान की गई 2 दिनों तक चले इस आयोजन को देखने बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के दर्शक उपस्थित रहे जिन्होंने आयोजन का लुफ्त उठाया कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष जगेंद्र सिंह विधायक प्रतिनिधि आनंद मोहन पल्हा देवेंद्र यादव शिव पटेल देव कुमार यादव गजेंद्र सिंह राघवेंद्र यादव जितेंद्र ठाकुर आदित्य नामदेव सत्यम मेहरा दीपक जैन के साथ बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## शासकीय महाविद्यालय कुंडम मे जनभागीदारी समिति की बैठक गठित की गई है



**कुंडम, यशभारत।** आज जनभागीदारी समिति की बैठक में शासकीय महाविद्यालय कुंडम के अध्यक्ष रवि महोबिया की सहमति से उपाध्यक्ष अनुविभागीय अधिकारी कुंडम जेपी यादव प्राचार्य डॉक्टर अनीता श्रीवास्तव वरिष्ठ प्रधान सदस्य डॉक्टर मधुमति नामदेव सदस्य विधायक प्रतिनिधि कमलेश साहू सांसद प्रतिनिधि सतीश अवस्थी कृषक सदस्य राधेश्याम साहू व्यापारी सदस्य अशोक जैन डॉक्टर राजू साहू कामता प्रसाद यादव विजय बहादुर परस्ते अर्चना कोरचे राजेश साहू गायक हुब्बी लाल चक्रवर्ती शिवम साहू संतोष तिवारी प्राचार्य शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक कुंडम ओंकार सिंह परस्ते शासकीय कन्या साला बघराजी शिव कुमार झारिया जनभागीदारी समिति के सदस्य और पदाधिकारी के रूप में समिति बनाई गई है इस समिति में शासकीय महाविद्यालय कुंडम के अध्यक्ष रवि महोबिया के द्वारा समिति गठित की गई है सभी लोग हर्षित हुए और शासकीय महाविद्यालय के प्रति निस्वार्थ भाव से इमानदारी से जनहित में छात्र छात्राओं के हित में काम करने के लिए संगठित होकर विकास करने का निर्णय लिया गया।

## योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुचाना उदेश्य- नंदनी मरावी



**सिहोरा, यशभारत।** सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुचाकर हितग्राहियों को लाभ दिलाना ही जनसेवा अभियान का मुख्य उदेश्य है।उक्ताशय के उदगार विधायक नंदनी मरावी ने खितौला के लालचंद स्कूल में मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 16,17,18 के आयोजित शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। शिविर में समाजिक सुरक्षा पेंशन के तहत कल्याणी, दिव्यांग,वृद्धावस्था सहित लाडली लक्ष्मी,संबल,भवन संघ निर्माण,आयूषमान,नामांतरण आदि योजनाओं के स्वीकृति पत्रक हितग्राहियों को प्रदान किए।इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती संध्या दिलीप दुबे,उपाध्यक्ष शारदा तिवारी,राजा मोर,पार्षद अजय बेटू शर्मा,शारदा बर्मन, रमेश पटेल,गौरादेवी विश्वकर्मा,नगर मंडल अध्यक्ष अभिषेक परोहा,राकेश चौरसिया,आर आई सुशील वर्मा,पटवारी प्रीति साहू,मनोज खम्परिया सहित अनेक वार्डवासी गणमान्य नागरिक एंव पार्टी पदाधिकारी उपस्थित थे।

## झारिया मेहरा समाज के 12संगठनों ने सौंपा कमिश्नर को ज्ञापन

**कुंडम, यशभारत।** विगत दिनों मंडला जिले के सिंगारपुर में झारिया समाज के घर में घुसकर बर्बरता पूर्वक बहन बेटियों को मारने की घटना से आक्रोशित होकर आज दिनांक 01/02/2023 को झारिया (मेहरा) समाज के जबलपुर संभाग के विभिन्न 12 संगठनों ने मिलकर माननीय कमिश्नर जबलपुर संभाग को ज्ञापन सौंपा जिसमें कुंडेश्वर झारिया समाज समिति कुण्डम से श्री बीरन प्रसाद झारिया, नेतराम झारिया, घसीटा झारिया, कौशल झारिया, अयोध्या प्रसाद झारिया, राकेश झारिया, प्रहलाद झारिया (मीडिया प्रभारी),कृपाल प्रसाद झारिया, राजेश झारिया,आदि सामाजिक बंधुओं ने कुण्डम तहसील की ओर से भाग लिए और ज्ञापन सौंपा ताकि मेडिकल जबलपुर में इलाज रत बेटी को न्याय मिल सके और भविष्य में कोई दबंग व्यक्तियों द्वारा समाज की बहन बेटियों को प्रताड़ित न किया जा सके।



केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण का बजट पर मिश्रित प्रतिक्रियाएं

# अमृतकाल का सर्वस्पर्शी बजट है- प्रहलाद सिंह पटेल

**बजट के बाद प्रतिक्रिया देते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि मोदी सरकार का यह बजट सर्वसमावेशी, जन-कल्याणकारी, राष्ट्र के संपूर्ण विकास का बजट है। इस बजट में मध्यम वर्ग, महिलाओं, युवाओं, किसानों और हर वर्ग का विशेष ध्यान रखा गया है। इस बजट ने मध्यम वर्ग के लोगों की आँखों में नई उम्मीद जगाई है।**



इस साल प्रति व्यक्ति आय दोगुनी से अधिक होकर 1.97 लाख दर्ज की गई है। सरकार ने महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए दीनदयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 81 लाख स्वयं सहायता समूहों से जोड़कर असाधारण कामयाबी हासिल की है। दो साल की अवधि के लिए महिलाओं को नई लघु बचत योजना, महिला सम्मान बचत प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराया जाएगा। इसमें महिलाओं और बालिकाओं के नाम पर दो वर्षों की अवधि के लिए 7.5 फीसदी की दर पर दो लाख रूपए तक की जमा राशि मिलेगी। बजट में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी पीएलआई स्कीम में करीब 500 करोड़ रूपए का इजाफा किया गया है। यह 1022 करोड़ से बढ़ाकर 1530 करोड़ रूपए किया गया है। द्यश्रद्वद्वह्यह्वद्वष्ह्य को मजबूत करने के लिए 75 हजार करोड़ रूपए का निवेश होगा, जिससे खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को मजबूती मिलेगी और भारत मोटे अनाज का ग्लोबल हब बनेगा। कृषि स्टार्ट अप को बढ़ावा देने के लिए एक एग्रीकल्चर एक्सीलरेटर फंड बनाया जाएगा। कृषि कर्ज को बढ़ाकर 20 लाख करोड़ रुपए किया गया है।

## पूर्व वित्त मंत्री का तंज, आम लोगों के लिए नहीं खास लोगों का है बजट



**जबलपुरयशभारत।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अपना पांचवा बजट पेश कर रही हैं, यह देश का 75 वाँ बजट है, जिसे कि केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण पेश कर रहीं हैं। इस साल 9 राज्यों में विधानसभा चुनाव भी है लिहाजा कहा जा रहा है कि चुनाव को देखते ही यह आम बजट केंद्र सरकार पेश कर रही है, वहीं अब दूसरी और मध्य प्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री तरूण भनोत ने केंद्र सरकार के बजट पर कई तरह के सवाल खड़े कर दिए हैं। मध्यप्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री तरुण भनोत ने केंद्रीय बजट पर कटाक्ष करते हुए कहा कि मोदी सरकार का यह बजट आम लोगों को नहीं बल्कि खास लोगों का बजट बन चुका है, इसलिए आज के इस बजट से ज्यादा उम्मीद आम व्यक्तियों के लिए नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि आज आम व्यक्ति परेशान है, चाहे किसान हो, नवयुवक हो जो कि बेरोजगार घूम रहे हैं, या फिर छोटे-छोटे उद्योगों के संचालक जिन्हें की इस सरकार ने पूरी तरह से उपेक्षित रखा है। पूर्व वित्त मंत्री तरुण भनोत ने यह भी कहा कि आम जनता आज इतनी परेशान है कि अपने बच्चों के स्कूल की फीस तक नहीं भर पा रहे हैं। हिंदुस्तान में बेरोजगारी का दर सबसे ज्यादा बड़ी है। गैस सिलेंडर महंगा हो गया है, खाने का तेल महंगा हो गया है, दालें महंगी हो गई है लेकिन मोदी सरकार को इसकी जरा भी चिंता नहीं है।पूर्व वित्त मंत्री तरुण भनोत ने केंद्र सरकार पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि वर्तमान की सरकार चंद पूंजी पति और उद्योग पतियों के लिए काम कर रही है, वहीं दूसरी और आज चाहे किसी भी वर्ग का व्यक्ति हो वह परेशान हैं।

## युवा, किसान और महिलाओं सहित सभी वर्ग के लिए हितकारी बजट:अशोक रोहाणी



जबलपुर केंट क्षेत्र विधायकक अशोक रोहाणी ने यूनियन बजट पर कहा कि संसद में प्रस्तुत आम बजट युवा, किसान और महिलाओं सहित सभी वर्ग के लिए हितकारी बजट है यह बजट लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने में अद्वितीय सहयोग प्रदान करेगा क्योंकि इसके माध्यम से अनेकानेक रियायत आमजन को प्रदान की गई है।उन्होंने कहा टैक्स में दी गई छूट से बहुत लंबे समय बाद आम आदमी को बड़ी राहत मिलने वाली है जिससे आदमी की आय और बचत दोनों में वृद्धि होगी।साथ ही 157 मेडिकल कॉलेजों के साथ 157 नर्सिंग कॉलेज खोलने का प्रस्ताव बजट में दिया गया है जो आने वाले समय में चिकित्सा के क्षेत्र में युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेगा स्वास्थ्य सुविधाएं भी बेहतर होगी।

## अमृतकाल में अमृतमयी भारत के मजबूत भविष्य का बजट: प्रभात साहू



भाजपा जबलपुर महानगर के जिला अध्यक्ष श्री प्रभात साहू ने कहा वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने जो आम बजट प्रस्तुत किया है वह अमृत काल में अमृतमयी भारत के मजबूत भविष्य का बजट है। इस बजट में समाज के हर वर्ग की चिंता की गई है और भविष्य को और अधिक मजबूत बनाने के लिए अनेकों रियायत आमजन को प्रदान की गई है।श्री प्रभात साहू ने कहा कि बजट में युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों, और किसानों के लिए प्रावधान किए गए है। महिलाओं की बचत पर अधिक ब्याज देने की घोषणा की गई है और आयकर सीमा बढ़ाकर लोगों के आर्थिक बचत का ख्याल रखा गया है साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, रेलवे, अर्बन डेवलपमेंट, पर भी फोकस किया गया है।

## अगले 25 वर्षों के विकास की नींव रखने वाला सम्पूर्ण बजट: राकेश सिंह



जबलपुर। देशवासियों की अपेक्षाओं के अनुरूप गरीब, वंचित, किसान, महिला, युवा सहित देश के हर वर्ग के हितों की चिंता व देश के अगले 25 वर्षों के विकास की नींव रखने वाला यह सम्पूर्ण बजट है, यह बात लोकसभा के मुख्य सचेतक सांसद श्र राकेश सिंह ने केंद्र सरकार के बजट के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवँ वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कही।.सांसद श्री राकेश सिंह ने कहा अमृतकाल का ये पहला बजट विकसित भारत के विराट संकल्प को पूरा करने के लिए एक मजबूत नींव का निर्माण करेगा।यह बजट वंचितों को वरीयता देता है।ये बजट आम नागरिक के सपनों को पूरा करने के साथ ही देश की प्रगति और विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा।सांसद श्री सिंह ने कहा जहां इस बजट में महिला सशक्तिकरण को नई दिशा देते हुए 2 लाख तक कि बचत पर 7.5 सालाना ब्याज देने का प्रावधान किया गया है वही युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए कौशल विकास योजना 4 प्रारम्भ करने, देशभर में स्किल इंडिया सेंटर खोलने, एग्रीकल्चर स्टार्टअप खोलने का प्रावधान भी किया गया है। इस बजट में मध्यम वर्गीय लोगो के लिए सबसे महत्वपूर्ण कदम यह कि 7 लाख तक कि आय पर अब कोई इनकम टैक्स नही देना होगा, इस फैसले से निश्चित रूप से मध्यम वर्गीय वर्ग को राहत मिलेगी।

## इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में प्रस्तावित 10 लाख करोड़ के प्रावधान का स्वागत

### केंद्रीय बजट पर महाकौशल चेंबर पदाधिकारियों की हुई चर्चा

जबलपुर महाकौशल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज में केंद्रीय बजट 2023 -24 पर पदाधिकारियों एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट तथा कर सलाहकार के साथ चर्चा हुई चेंबर अध्यक्ष रवि गुप्ता ने बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में प्रस्तावित 10 लाख करोड़ के प्रावधान का स्वागत करते हुए इसे विकास की दिशा में सकारात्मक पहल बतलाया साथ ही एम एस एम ई को 3 करोड़ तक के टर्नओवर वाले संस्थानों को करो की छूट में बिना गारंटी के उपलब्धता को छोटे उद्योगों के हित में बतलाया ।उपाध्यक्ष हेमराज अग्रवाल ने बजट में पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए की गई घोषणा का स्वागत करते हुए इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महाकौशल अंचल के पर्यटन स्थलों को एक सर्किट के रूप में विकसित करने की अपेक्षा रखी है तथा निश्चित समयावधि में प्रस्तावित बजट फंड का सदुपयोग किया जाना आवश्यक है । जबलपुर थोक वस्त्र विक्रेता संघ के अध्यक्ष नवनीत जैन ने बजट पर छोटे-छोटे व्यापारी एवं कपड़ा उद्योग के संदर्भ में कहा कि टेक्स कि अत्यधिक जटिल प्रक्रियाओं को कम करते हुए कर प्रक्रिया को और अधिक सरलीकरण करने की आवश्यकता पर जोर दिया कपड़ा उद्योग व व्यापार को इस बजट प्रावधान में कोई भी घोषणा ना होने से निराशा हुई है। महाकौशल चेंबर ने आगामी वित्तीय वर्ष में उद्योग व व्यापार की दशा व दिशा निर्धारण हेतु प्रस्तुत बजट जिसमें रेल बजट भी समाहित है तथा रेलवे को 2 .4 लाख करोड़ के बजट प्रावधान में महाकौशल की रेल सुविधाओं हेतु अधिक से अधिक बजट का भाग आवंटन करने की मांग रखी है साथ ही जबलपुर स्थित आयुध निर्माणी फैक्ट्री तथा सुरक्षा संस्थानों को सुव्यवस्थित कर उन्हें कार्यादेश प्रदान कर आगामी संसद की बजट चर्चा में बजट प्रावधान करने की मांग रखी। अखिल मिश्र ने कहा कि व्यापारी कल्याण कोष* की घोषणा बजट में नहीं होने से निराशा जरूर है। विगत 6 वर्षो से लगातार हमारी मांग रही है कि छोटे और मझोले स्तर के व्यापारियों के लिए राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण कोष की स्थापना की जाए ताकि किसी भी आपदा के वक्त इस कोष से सहायता की जा सके। लेकिन आयकर का दायरा सात लाख तक करना राहत देने वाला है। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 सराहनीय कदम है, भ्रष्टाचार की भेंट चढ़े बिना इसका क्रियान्वयन हुआ तो दूरगामी सकारात्मक परिणाम होंगे।

## कर दायरे को बढ़ाकर 7 लाख करना स्वागत योग्य :जबलपुर चेम्बर

जबलपुर चेम्बर के चेयरमेन प्रेम दुबे ने कहा – विश्र मंत्री द्वारा कर दायरे को 5 लाख से बढ़ाकर 7 लाख करना स्वागत योग्य कदम है स्टार्टअप के लिए बड़ी राषि का प्रावधान करना युवाओं को प्रोत्साहित करेगा। बजट में हर वर्ग के लिए कुछ न कुछ किया गया है। बचत प्रोत्साहन के लिए भी सरकार द्वारा कोई ठोस योजना प्रस्तावित नहीं की गई है। हालांकि सरकार द्वारा पूंजीगत खर्चों पर 13 लाख करोड़ का प्रावधान एवं सहकारिता क्षेत्र को टेक्स लाभ देना हमारी अधारभूत संरचना को विकसित करने में योगदान देगा।हिमांशु खरे (फेडरेषन ऑफ म.प्र. चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष ) ने कहा कि – बजट में उद्योग व्यापार के लिए आषिंक राहत देने का कार्य किया है। कोई भी नये कर कानून उद्योग-व्यापार पर थोपे नहीं गयें है। यह बजट छोटे उद्योगों को प्रोत्साहित करने वाला है। अनिल अग्रवाल (सीए) ने कहा – वेतन भोगी कर्मचारी को नये टेक्स स्लेब के अंतर्गत 52500 रु. का स्टेंर्डड डिटकषन प्रस्तावित करना एक अच्छा कदम है। इसी तरह छोटे उद्योगों के लिए क्रेडिट गांरटी स्कीम को 1 साल के लिए बढ़ाना एवं 9000 करोड़ रु. के प्रावधान करने से छोटे उद्योगों को लगभग 2 लाख करोड़ का अतिरिक्त लोन मिलना प्रस्तावित किया गया है। महिलाओं के लिए एक नई बचत योजना जिसमें 7.5 प्रतिषत का ब्याज प्रस्तावित किया गया है, एक अच्छा कदम है।

## आर.पी.तिवारी हुए सेवानिवृत



**पनागर, यशभारत।** शासकीय संभागीय उद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मढ़ाताल से आर.पी.तिवारी प्रशिक्षण अधिकारी के पद पर पदस्थ रहे अपनी 41 वर्ष की शासकीय सेवा सेवानिवृत्त हुए जिनकी विदाई समारोह कार्यक्रम में प्राचार्य सुनील कुमार ललावत,योगेश ठाकुर अध्यक्ष कर्मचारी संघ, प्रीति वाला, ए.के.पटेल, आशीष विश्वकर्मा, के.के. पटेल, नितिन गौतम, वीरेंद्र श्रीवास, अंजनी द्विवेदी, श्रीराम गुप्ता ,रमाकांत तिवारी, संदीप मघारिया, विजय कुमार, अभिषेक सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# पत्रकारिता की चुनौतियों व पत्रकारों के हित में मंथन

### श्रमजीवी पत्रकार परिषद का जबलपुर में राष्ट्रीय अधिवेशन



**जबलपुर, यशभारत।** वर्तमान दौर में. पत्रकारिता गंभीर चुनौतियों का सामना कर रही है। बदलते परिवेश में पत्रकारों को खबरों के प्रति गंभीर और खोजी रुख अपनाना पडेगा। आज भी सोशल मीडिया के इस दौर में प्रिंट मीडिया की अपनी एक विश्वसनीयता है। प्रिंट और इलैक्ट्रानिक मीडिया को इस विश्वसनीयता को बनाए रखने के लिये कड़ा संघर्ष करना होगा। सकारात्मक और नकारात्मक पक्षों के बीच सहीं तुलनात्मक अध्ययन करके वस्तुस्थिति पाठकों के बीच प्रस्तुत करना होगी। इस आशय के विचार श्रमजीवी पत्रकार परिषद के जबलपुर में आयोजित राष्ट्रीय सम्मलेन में वक्ताओं ने व्यक्त किये। सम्मेलन में पत्रकारों की सुरक्षा, स्वास्थ्य सुविधा और अधिमान्यता के साथ साथ रेलवे कन्शेसन व टोल नाकों पर छूट और स्वास्थ्य बीमा राशी बढाए जाने के प्रस्ताव भी पारित किये गये। प्रथम सत्र में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एक्सप्रेस मीडिया सर्विस के एमडी और एक्सप्रेस समूह के प्रधान संपादक सनत जैन ने संबोधित करते हुये पत्रकारों के हित के लिये एकजुट होकर आवाज उठाने का आव्हान किया। अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष दिल्ली से पधारे रजत गुप्ता ने की। अतिथियों का स्वागत राष्ट्रीय संयोजक नलिन कांत बाजपेयी, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष परमानंद तिवारी, प्रदेश अध्यक्ष देवशंकर अवस्थी, प्रदेश महामंत्री राजेश दुबे, राष्ट्रीय प्रवक्ता गंगाचरण मिश्रा, विवेक यादव, युवा प्रकोष्ठ के संभागीय अध्यक्ष शुभम शुक्ला, सत्यजीत यादव, उमेश शुक्ला आदि ने किया। सम्मेलन में बताया गया की परिषद का विस्तार 14 राज्यों में हो चुका है। विस्तार की प्रक्रिया लगातार जारी है।

#### इनकी रही गरिमामयी उपस्थिति

द्वितीय सत्र में पत्रकार सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें अतिथियों के रूप में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, मप्र पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष विनोद गोंटिया, वरिष्ठ विधायक अजय विश्नोई, विधायक संजय पाठक, विधायक विनय सक्सेना, सनत जैन, रिट. कलेक्टर वेद प्रकाश, उद्योग पति समाजसेवी सौरभ बडेरिया, उपस्थित हुये। सभी पत्रकारिता के चौथे स्तंभ को मजबूत बनाने के प्रयासों की जरूरत बताई। किशोर राय को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष बनाने व राजेश दुबे को संभागीय अध्यक्ष से प्रदेश महासचिव बनाये जाने की घोषणा की गई।

#### इन्हें मिला पत्रकारिता सम्मान

कार्यक्रम में अटल बिहारी बाजपेयी पत्रकार सम्मान मरनोउरान्त पं. भगवतीधर बाजपेयी को दिया गया। राजेन्द्र तिवारी पत्रकारिता सम्मान वरिष्ठ पत्रकार मोहन शशि को दिया गया। अजित वर्मा पत्रकार सम्मान वरिष्ठ पत्रकार श्याम कटारे को दिया गया। पं. नरेश बाजपेयी पत्रकारिता सम्मान वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार गुप्ता को दिया गया। बाबूलाल बड़कुल पत्रकारिता सम्मान वरिष्ठ पत्रकार हनुमान प्रसाद तिवारी (मण्डला) को दिया गया। विश्म्भर दयाल अग्रवाल पत्रकारिता सम्मान वरिष्ठ पत्रकार गोपाल सिंघानिया (कटनी) को दिया गया। हरिकृष्ण त्रिपाठी पत्रकारिता सम्मान वरिष्ठ पत्रकार सुनील साहू को दिया गया। डॉ. नर्मदा प्रसाद पाण्डे पत्रकारिता सम्मान वरिष्ठ पत्रकार रजत गुप्ता (दिल्ली) को दिया गया। राजेन्द्र अग्रवाल पत्रकारिता सम्मान वरिष्ठ पत्रकार चेतन भटट् को दिया गया। बांके बिहारी बाजपेयी समाज सेवी सम्मान समाज सेवक इंजी. तरूण कुमार सोनाने को दिया गया।

#### सम्पादक भी हुए सम्मानित

कार्यक्रम में दैनिक जनपक्ष से विपलव अग्रवाल, दैनिक स्वतंत्रमत से राजेन्द्र मिश्रा, बीटीव्ही से गंगाचरण मिश्रा, सहारा टीव्ही से सुमन पुरोहित, पीपुल्स समाचार से मंयक तिवारी, दैनिक भास्कर से प्रेमशंकर तिवारी, लोकमत से संजय परोहा, वहीं इलेक्ट्रोनिक मीडिया में न्युजनेशन से दुर्गेश साहू, विश्वजीत सिंह राजपूत, विवेक तिवारी, संजय साहू, डॉ. सुरेन्द्र कुशवाहा को सम्मानित किया गया।

#### इनका रहा विशेष सहयोग

कार्यक्रम में संस्कृतिक प्रकोष्ठ के शिव कुमार तिवारी, गुड्डा अग्रवाल, एसपी गोस्वामी, सुरेश कामले, विलोक पाठक, शिव चौरसिया, जिला अध्यक्ष विवेक यादव, उमेश शुक्ला, रविंद्र सुहाने, राजेश विश्वकर्मा, अनुराग दीक्षित आदि उपस्थित रहे।

# नगर हुआ गौरवान्वित

## संस्कार भारती के एन टी स्कूल के बच्चों को मिला स्वर्ण पदक



**गोटेगांव, यशभारत।** गोटेगांव नगर की श्रेष्ठतम एवं बच्चों को उत्कृष्ट संस्कार देने के लिए प्रतिभाशाली संस्था संस्कार भारती कैलाश नाथ पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने विगत दिवस जुजित्सु मैं क्रमशः गोल्ड सिल्वर एवं कांस्य पदक जीतकर नगर को एवं संस्था को गौरवान्वित किया है नन्हे मुन्ने बच्चे जो कि अभी शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं ऐसे में नन्हे बच्चों ने ऐसा करतब दिखाया है जिससे हमारा श्रीधाम शहर एवं संस्था को गौरवान्वित किया है।यह राज्य स्तरीय जुजित्सु प्रतियोगिता एवं सेमिनार सब जूनियर , जूनियर यूथ एवं सीनियर कैटेगरी दिनांक 27 से 29 जनवरी 2023 को हाट पिपलिया जिला देवास मे आयोजित की गई थी जिसमें संस्कार भारती के. एन. टी. पब्लिक हाई स्कूल के छात्रों का चयन राज्य स्तर में हुआ था एवं तीन छात्र विजेता रहे , सुभ्रा पटेल ने करिश्मा जाटव गोल्ड मेडल , खुशी साहू एवं समर्थ लोधी दोनों ने सिल्वर मेडल तनवीर खान विशाल जीते।यह प्रतियोगिता जिला सचिव कुमारी अंजलि खरे के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई।इस मे तीन छात्र एस बी एस स्कूल के भी सम्मिलित हुये इन्हें भी मेडल प्राप्त हुए है।विगत दिवस नगर की यशस्वी अनुविभागीय दंडाधिकारी श्रीमती निधि गौतम द्वारा संस्कार भारती के बच्चों को एवं एसबीएस के बच्चों को विगत दिवस मेडल एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया जिनकी सर्वत्र सराहना की जा रही है इस अवसर पर संस्कार भारती के एन टी पब्लिक स्कूल की संचालिका श्रीमती श्रेया उपाध्याय जुजित्सु की जिला सचिव अंजली खरे अनुविभागीय दंडाधिकारी निधि गौतम उमाशंकर छिरा, एवं संस्कार भारती स्कूल का सभी स्टाफ मौजूद रहा बच्चों के अभिभावकों मैं हर्ष व्याप्त है और सभी ने इन बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# सड़क के उड़े धुर्रे राहगीर परेशान

## पिपरिया (मबई) के रहवासी सड़क से परेशान



**गोटेगांव , यशभारत।** नगर के समीपवर्ती अंतर्गत आने वाले ग्राम पिपरिया (मबई) से पुरा तक जाने वाली सड़क खराब हो जाने के कारण आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ग्रामीण बताते है कि रोड की गिट्टी उचटकर लोगो को लग रही है जिससे लोग घायल हो रहे हैं इसी रोड से मां नर्मदा के दर्शन करने पुल व घाट श्रद्धालु आते जाते हैं जिसके कारण आए दिन क्षेत्रवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है स्कूली बच्चे भी रोजाना परेशान हो रहे हैं इस संबंध में पुरा ग्राम पंचायत सिलारी सरपंच गुड्डू पटेल का कहना है कि रोड की समस्या से सभी लोग रोजाना परेशान हो रहे हैं और घायल भी हो रहे हैं रोड बनाने का काम पंचायत को दे देगें तो पंचायत रोड बनाने का कार्य शुरू कर देंगी मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी नवनिर्वाचित प्रदेश महासचिव एवं पूर्व विधायक शेखर चौधरी का कहना है कि पूरे 5 साल में जमीनी स्तर पर क्या कार्य हुए हैं यह आपको जनता को पता है कांग्रेश काम करती है और बीजेपी घोषणा तो घोषणा करती है 5 साल में कई रोड़ों का निर्माण कार्य नहीं हुआ है जनादेश कांग्रेस को प्राप्त हुआ था लेकिन बीजेपी ने गठजोड़ कर अपनी सरकार बना ली है कोई भी सरकार को पूर्ण बहुमत की सरकार होनी चाहिए और जनादेश का सम्मान होना चाहिए इससे समय से विकास कार्य तेजी से कार्य होते हैं सरकार को जल्द से जल्द इस रोड को बनाना चाहिए वहीं ग्रामीणों का कहना है कि 4 किलोमीटर सड़क का निर्माण कार्य नहीं हुआ तो हम लोग आंदोलन करेंगे बरसात के पहले और विधानसभा चुनाव के पहले रोड का निर्माण जल्दी करवाना चाहिए ताकि स्कूली बच्चे नर्मदा भक्तों लोगों को परेशान के सामना ना करना पड़े।

# शुभमन गिल ने 17 दिन के अंदर चौथा शतक जड़ा

## 126 रन की तूफानी पारी खेल कोहली-रोहित को पीछे छोड़ा



**अहमदाबाद ईएमएस।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज का तीसरा और आखिरी मुकाबला खेला गया। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की और 20 ओवर में चार विकेट पर 234 रन बनाए। शुभमन गिल ने शानदार बैटिंग करते हुए टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का पहला शतक जड़ा। उन्होंने 54 गेंदों पर यह शतक लगाया। शुभमन 63 गेंदों में 12 चौके और सात छक्के की मदद से 126 रन बनाकर नाबाद रहे।

### पिछले 17 दिन के अंदर चौथा शतक

यह पिछले 17 दिन के अंदर शुभमन का चौथा अंतरराष्ट्रीय शतक है। इससे पहले तीन शतक शुभमन ने वनडे फॉर्मेट में लगाए हैं। उनमें एक दोहरा शतक भी है। इसी साल 15 जनवरी को शुभमन ने श्रीलंका के खिलाफ वनडे में 116 रन की पारी खेली थी, इसके बाद 18 जनवरी को न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे में 208 रन बनाए थे। 24 जनवरी को न्यूजीलैंड के खिलाफ ही शुभमन ने 112 रन बनाए थे। अब उन्होंने टी20 में शतक जड़ दिया है।

### तीनों फॉर्मेट में शतक लगाने वाले पांचवें बल्लेबाज

इसी के साथ शुभमन टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारत की ओर से शतक लगाने वाले सातवें बल्लेबाज हैं। उनसे पहले सुरेश रैना, रोहित शर्मा, केएल राहुल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव और दीपक हुड्डा ऐसा कर चुके हैं। वहीं, वह भारत की ओर से तीनों फॉर्मेट में शतक लगाने वाले पांचवें बल्लेबाज हैं। उनसे पहले रैना, रोहित, राहुल और कोहली ऐसा कर चुके हैं। ओवरऑल यह शुभमन का पांचवां अंतरराष्ट्रीय शतक रहा।

### सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर शुभमन के नाम

शुभमन के 126* रन टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारत के लिए सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर है। इससे पहले यह रिकॉर्ड विराट कोहली के नाम था। उन्होंने पिछले साल दुबई में अफगानिस्तान के खिलाफ नाबाद 122 रन बनाए थे। वहीं, 118 रन के साथ रोहित इस मामले में तीसरे स्थान पर हैं। यह घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मिलाकर शुभमन का टी20 फॉर्मेट में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर है। उन्होंने 2022 में कर्नाटक के खिलाफ पंजाब से खेलते हुए टी20 में 126 रन ही बनाए थे।

**भारत के लिए टी20 में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर**

| खिलाड़ी | हाईएस्ट स्कोर |
|---|---|
| शुभमन गिल | 126* |
| विराट कोहली | 122* |
| रोहित शर्मा | 118 |
| सूर्यकुमार यादव | 117 |
| केएल राहुल | 110* |
| दीपक हुड्डा | 104 |
| सुरेश रैना | 101 |

### न्यूजीलैंड के खिलाफ बनाया रिकॉर्ड

शुभमन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे और टी20 में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। यानी न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे और टी20 में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर शुभमन से ज्यादा किसी और का नहीं है। वनडे में पिछले महीने शुभमन ने 208 रन की पारी खेली थी। वहीं, टी20 में 126 नाबाद रन हैं। शुभमन ने अपनी पारी से दर्शकों का दिल जीत लिया। इस मैच को देखने के लिए चैंपियन भारतीय महिला अंडर-19 टीम भी आई थी। वहीं, सचिन तेंदुलकर, बीसीसीआई सचिव जय शाह और उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला भी यह मैच देखने पहुंचे हैं।

## मुंबई फ्रेंचाइजी की बॉलिंग कोच और मेंटर बनीं दिग्गज झूलन गोस्वामी, सौरव गांगुली ने दी जानकारी

मुंबई, एजेंसी। पूर्व भारतीय दिग्गज तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में मुंबई फ्रेंचाइजी ने अपने गेंदबाजी कोच और मेंटर के रूप में चुना है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने इस जानकारी का खुलासा किया। दरअसल, गांगुली हाल ही में इंडियन प्रीमियर लीग से फिर से जुड़ गए हैं। बीसीसीआई अध्यक्ष के पद से हटने के बाद उन्हें दिल्ली कैपिटल्स ने टीम डायरेक्टर के रूप में अपने फ्रेंचाइजी से जोड़ा था।40 वर्षीय झूलन ने पिछले साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। गांगुली ने कहा कि कैपिटल्स गोस्वामी को लेने के लिए उत्सुक थी, लेकिन वह मुंबई जा रही हैं। गांगुली ने कहा- हमने उन्हें प्रस्ताव दिया था, लेकिन वह मुंबई जा रही हैं। महिला आईपीएल के लिए ऑक्शन 11 या 13 फरवरी को नई दिल्ली या मुंबई में होने की संभावना है। इस सप्ताह बीसीसीआई इस पर अंतिम फैसला करेगा।बीसीसीआई ने शुरुआत में छह फरवरी को मुंबई में नीलामी की मेजबानी करने की योजना बनाई थी, जिससे पांच नई स्थापित फ्रेंचाइजी को उद्घाटन डब्ल्यूपीएल सीजन की तैयारी के लिए एक महीने का समय दिया गया था, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। महिला आईपीएल का आयोजन चार से 24 मार्च तक हो सकता है। पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान मिताली राज को अदाणी की टीम गुजरात जायंट्स द्वारा मेंटर और सलाहकार के रूप में नियुक्त किया गया है। महिला आईपीएल इस साल मार्च में खेला जा सकता है। महिलाओं में सबसे अधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी मिताली ने 23 साल के लंबे करियर के बाद पिछले साल सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया था। टीम के मेंटर के रूप में 40 वर्षीय मिताली महिला क्रिकेट को भी बढ़ावा देगी और गुजरात में खेल को जमीनी स्तर पर विकसित करने में मदद करेंगी। महिला टीमों को खरीदने में कुल 4669.99 करोड़ रुपये का बजट आया। यह महिला क्रिकेट में सबसे बड़ी डील है। अदाणी ग्रुप के स्पोर्ट्स डिवीजन, अदाणी स्पोर्ट्सलाइन ने अहमदाबाद फ्रेंचाइजी अपने नाम की। वहीं, गैर-बैंकिंग वित्तीय फर्म कैपरी ग्लोबल ने लखनऊ फ्रेंचाइजी को अपने नाम किया।




# विश्व चैंपियन अंडर-19 महिला टीम को बीसीसीआई ने किया सम्मानित, सचिन तेंदुलकर बोले- आप देश के लिए रोल मॉडल

**अहमदाबाद ,ईएमएस।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने हाल ही में महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप जीतने वाली टीम को अहमदाबाद में सम्मानित किया है। दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हुए सम्मान समारोह में बीसीसीआई ने खिलाड़ियों को पांच करोड़ रुपये पुरस्कार के तौर पर दिए। कार्यक्रम में बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी, उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला और सचिव जय शाह मौजूद रहे। युवा महिला क्रिकेटरों को संबोधित करते हुए सचिन तेंदुलकर ने कहा- मैं बधाई देना चाहता हूं अंडर-19 टीम को। यह एक शानदार उपलब्धि है। पूरा देश इस जीत का जश्न मना रहा है और लोग आने वाले समय में इससे काफी प्रेरणा ले सकेंगे। आपके इस वर्ल्ड कप को जीतकर कई युवा लड़कियों को क्रिकेट चुनने के लिए प्रेरित किया है। मुझे आशा है कि आप आगे भी ऐसी ही युवाओं को प्रेरित करती रहेंगी। हमें हमेशा अपने फाउंडेशन को याद रखना चाहिए। कहां से हमने इस जीत की नींव रखी। हमें बीसीसीआई के योगदान को याद रखना चाहिए, चाहे वह अध्यक्ष रोजर बिन्नी हों या जय शाह या राजीव शुक्ला। इसके अलावा सचिन तेंदुलकर ने आगामी महिला प्रीमियर लीग की भी तारीफ की। उन्होंने कहा- ड्ढक्क बहुत ही बड़ा टूर्नामेंट है। मैं पुरुष और महिलाओं के लिए समानाता में विचार रखता हूं। मैं बीसीसीआई और महिला खिलाड़ियों को इस टूर्नामेंट के आयोजन के लिए बधाई देता हूं। भारत की महिला अंडर -19 टीम ने रविवार को दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में टी20 विश्व कप के फाइनल में इंग्लैंड को सात विकेट से हराकर विश्व कप जीता। यह महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप का पहला संस्करण था। उसके तुरंत बाद जय शाह ने एक फरवरी को अहमदाबाद में भारत-न्यूजीलैंड के बीच तीसरा टी20 को देखने के लिए टीम को आमंत्रित किया था। इस जीत के साथ ही महिला क्रिकेट में ट्रॉफी के लिए भारत का लंबा इंतजार खत्म हुआ। शाह ने ट्वीट किया था- मैं शेफाली वर्मा और उनकी विजयी टीम को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हमारे साथ जुड़ने और एक फरवरी को तीसरा टी20 मैच देखने के लिए आमंत्रित करता हूं। यह बड़ी उपलब्धि निश्चित रूप से जश्न की मांग करती है। मैच की बात करें तो पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड की पूरी टीम 68 रन पर सिमट गई। जवाब में भारत ने 14 ओवर में तीन विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

### भारत के साथ बना अजब संयोग

भारतीय महिला टीम की तरह पिछले साल पुरुषों के अंडर-19 विश्व कप में भारत ने फाइनल में इंग्लैंड को हराया था और चैंपियन बने थे। यह अजब संयोग है कि भारतीय अंडर-19 पुरुष और महिला दोनों टीमें इंग्लैंड को हराकर ही चैंपियन बनी हैं। यश ढुल की कप्तानी में पिछले साल भारत ने अंडर-19 विश्व कप जीता था। हालांकि, वह टूर्नामेंट 50 ओवर के फॉर्मेट में खेला गया था। वहीं, महिला टीम की कप्तान शेफाली वर्मा रहीं।

### कई खिलाड़ियों का सीनियर टीम में हो सकता है चयन

भारत की अंडर-19 टीम की कई खिलाड़ियों का अगले महीने होने वाले सीनियर महिला टी20 विश्व कप टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम में चयन हो सकता है। शेफाली वर्मा के अलावा श्वेता सहरावत, पार्श्वी चोपड़ा और ऋचा घोष जैसी खिलाड़ी सीनियर टीम में जगह बना सकती हैं।

# खेल-खिलाड़ियों पर मेहरबान हुई मोदी सरकार, खेल बजट में बंपर बढ़ोतरी

**नई दिल्ली एजेंसी।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को संसद में आम बजट पेश किया। खेल बजट में भी बंपर बढ़ोतरी की गई है। केंद्र सरकार ने युवा और खेल मामलों के मंत्रालय के लिए 3397.32 करोड़ रुपये का बजट पेश किया है, जो पिछले साल के बजट से 723.97 करोड़ रुपये ज्यादा है। पिछले कुछ वर्षों में भारतीय एथलीट्स ने पूरी दुनिया में अपनी चमक बिखेरी है। चाहे वह ओलंपिक हो या राष्ट्रमंडल खेल, भारत के पदकों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। केंद्र सरकार द्वारा खेल और खिलाड़ियों पर किए जा रहे खर्च का इसमें अहम योगदान रहा है। ऐसे में इस साल भी खेल बजट में बढ़ोतरी हुई है। पिछले साल भी स्पोर्ट्स बजट में 423.16 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी की गई थी। खेल बजट की बात करें तो कोरोना के दौरान इसमें भारी कटौती देखने को मिली थी। साल 2020-21 में खेल बजट 2826.92 करोड़ रुपये का था। 2021-22 में इसमें 606.73 करोड़ रुपये की कटौती की गई थी यानी 2021-22 में खेल बजट 2250.19 करोड़ रुपये का था। पिछले साल कुल खेल बजट 3062.60 का था, जिसे रिवाइज कर 2673.35 करोड़ रुपये का कर दिया गया था। अब यह 3397.32 करोड़ रुपये का हो गया है। यानी 723.97 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई है। भारत ने 2021 में टोक्यो ओलंपिक में कुल सात पदक जीते थे। कोरोना की वजह से तमाम कठिनाइयों और पाबंदियों के बावजूद भारतीय खिला?ियों ने शानदार प्रदर्शन किया था। इसके बाद 2022 में बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय एथलीट्स का प्रदर्शन शानदार रहा था। भारत ने कुल 61 पदक जीते थे। देश में अब चरणबद्ध तरीके से खेल गतिविधियां बहाल हो गई हैं और हांगझू एशियाई खेलों के रूप में वैश्विक प्रतियोगिताओं को देखते हुए 2023 काफी महत्वपूर्ण सत्र है। ऐसे में सरकार की तरफ से खेल बजट में की गई ब?ोतरी से खेल सुविधाओं में सुधार करने में मदद मिल सकती है। इस साल भारत को एशियन गेम्स के अलावा कई विश्व चैंपियनशिप में भी हिस्सा लेना है।

### खेलो इंडिया के बजट में हुई बढ़ोतरी

ओलंपिक समेत तमाम मल्टीस्पोर्ट्स की तैयारियों के लिए विदेश में प्रतिस्पर्धा और अभ्यास का खर्च खेल मंत्रालय ही वहन करता है। खेलो इंडिया के लिए वर्ष 2020-21 के बजट में 890.42 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे। इसके बाद 2021-22 के खेल बजट में खेलो इंडिया के लिए 232.71 करोड़ रुपये की कटौती की गई थी। वर्ष 2021-22 में इस मद को घटाकर 657.71 करोड़ रुपये कर दिया गया था। वहीं, 2022-23 में खेलो इंडिया कार्यक्रम में 316 करोड़ 29 लाख रुपये का इजाफा किया गया और इसे बढ़ाकर 974 करोड़ रुपये कर दिया गया था। 2023-24 के लिए इस बजट को 1000 करोड़ रुपये कर दिया गया है।



### राष्ट्रीय खेल महासंघों के लिए बजट में क्या?

राष्ट्रीय खेल महासंघों के लिए 2020-21 के बजट में 245 करोड़ रुपये की राशि थी, जिसे 2021-22 में संशोधित किया गया और राशि में 32 करोड़ रुपये की वृद्धि की गई थी। 2021-22 वित्तीय वर्ष के लिए बजट को बढ़ाकर 280 करोड़ रुपये कर दिया गया था। 2022-23 के खेल बजट में भी इसे इतना ही रखा गया था। अब इसमें 45 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी की गई है और यह 325 करोड़ रुपये का हो गया है।

### भारतीय खेल प्राधिकरण के लिए ये था बजट

भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) को मिलने वाले बजट में 36.09 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी की गई है। पिछले साल यह बजट 749.43 करोड़ रुपये का हो गया था, जो कि 2023-24 के लिए 785.52 करोड़ रुपये है। 2021-22 में 660.41 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे, जबकि 2020-21 के बजट अनुमान में आवंटन 500 करोड़ रुपये था।

### NADA और NDTL के लिए भी प्रावधान

विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (WADA) से संबद्ध राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (NADA) और राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला (NDTL), जिसे पहले स्न्ढ्ढ से धन प्राप्त हुआ था, अब इसे सीधे प्राप्त करेगी। इस साल के बजट में नाडा को 21.73 करोड़ रुपये की धनराशि मुहैया कराने का प्रावधान किया गया है, जबकि परीक्षण कराने वाले एनडीटीएल को 19.50 करोड़ रुपये मिलेंगे। दुनिया भर के देश खेल उत्कृष्टता के लिए प्रयास कर रहे हैं और एथलीटों के खेल विज्ञान और वैज्ञानिक प्रशिक्षण पर अधिक ध्यान दे रहे हैं। इस साल के बजट में राष्ट्रीय खेल विज्ञान और अनुसंधान केंद्र के लिए भी 13 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

### इस साल कई अहम प्रतिस्पर्धाएं

इस साल भारतीय टीम को कई अहम प्रतिस्पर्धाओं में हिस्सा लेना है। इसमें 23 सितंबर से आठ अक्तूबर तक ह्वांगझू में होने वाले एशियन गेम्स शामिल हैं। इसके अलावा मध्य प्रदेश में खेलो इंडिया यूथ गेम्स जारी है।

# कियारा-सिद्धार्थ की शादी के लिए जैसलमेर में सबकुछ सेट

### 84 लग्जरी रूम और 70 विदेशी कारें...



**मुंबई एजेंसी।** बी-टाउन के सबसे चहेते लव बर्ड्स में से माने जाने वाले सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी इस दिनों अपनी शादी की खबरों के चलते सुर्खियों में बने हुए हैं। अक्सर एक-दूसरे के साथ स्पॉट किए जाने वाले सिद्धार्थ और कियारा ने जहां अभी तक शादी की खबरों पर अपना रिएक्शन नहीं दिया है, वहीं उनकी वेडिंग को लेकर सोशल मीडिया पर तमाम अटकलें लगाई जा रही हैं। बीते काफी समय से अपनी शादी को लेकर चर्चा में बने हुए सिद्धार्थ और कियारा को लेकर अब जानकारी सामने आ रही है कि कपल की शादी की तैयारियां तेज हो गई हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा 6 फरवरी को एक-दूसरे के साथ जन्म-जन्म के बंधन में बंध जाएंगे। दोनों की शादी का जश्न, प्री-वेडिंग और पोस्ट वेडिंग फंक्शन 5 फरवरी से लेकर 8 फरवरी तक चलेंगे। सिद्धार्थ और कियारा के वेडिंग वेन्यू का भी खुलासा हो गया है। खबरों के अनुसार, दोनों जैसलमेर के सूर्यगढ़ पैलेस में सात फेरे लेंगे। शादी में 100 से 125 मेहमानों को इनवाइट किया गया है, जिसमें बी-टाउन की कई बड़ी हस्तियां शामिल हैं। दोनों की शादी में शाहरुख खान से लेकर करण जौहर तक के शामिल होने की उम्मीद की जा रही है। सिद्धार्थ और कियारा की शादी की हल्दी और संगीत सेरेमनी 6 फरवरी यानी शादी वाले दिन ही होगी। इस रिपोर्ट में यह भी दावा किया जा रहा है कि कियारा और सिद्धार्थ की इस बिग फैट वेडिंग के लिए करीब 84 लग्जरी कमरे बुक किए गए हैं, जिनका हर दिन का किराया एक से दो करोड़ रुपये के करीब बताया जा रहा है। इसके साथ ही शादी में आने वाले मेहमानों के को लाने ले जाने के लिए 70 से ज्यादा लग्जरी गाड़ियां बुक की गई हैं। सिद्धार्थ और कियारा की शादी के लिए मेहमान 4 फरवरी से सूर्यगढ़ पैलेस पहुंचना शुरू कर देंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जैसलमेर में शादी के बाद कपल मुंबई में ग्रैंड वेडिंग रिसेप्शन रखेगा, जिसमें बॉलीवुड की तमाम हस्तियां शिरकत करेंगी। बता दें, हाल ही में कियारा को फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा के साथ स्पॉट किया गया। दोनों साथ में निकलते हैं और फिर अलग-अलग गाड़ियों में बैठकर चले जाते हैं। कियारा और मनीष को साथ देखने के बाद से ही शादी की खबरों को हवा मिल गई है। लोगों को मानना है कि कियारा अपनी शादी में मनीष मल्होत्रा का लहंगा ही पहनने वाली हैं। कियारा और सिद्धार्थ की लव स्टोरी की बात करें तो कारगिल वॉर में शहीद हुए कैप्टन बत्रा के जीवन पर आधारित बायोपिक च्शेरशाहज्में दोनों ने साथ में काम किया था। इस फिल्म में ऑन-स्क्रीन रोमांस करते-करते ऑफ स्क्रीन दोनों के रिश्ते को लेकर चर्चाएं होने लगी थीं। वहीं दोनों को पार्टीज से लेकर वेकेशन पर भी साथ में स्पॉट किया जाता है। फैंस भी दोनों को काफी पसंद करते हैं।




# 400 करोड़ी बनने को पठान बेकरार, गांधी गोडसे के साथ वारिसु और थुनिवु का खेल खत्म

**मुंबई एजेंसी।** सिनेमाघरों में शाहरुख खान की वापसी ने सबको हिलाकर रख दिया है। फैंस से लेकर विरोधियों के मुंह पर सिर्फ और सिर्फ एक ही नाम है और वह है पठान। ने आते ही बॉक्स ऑफिस का मौसम बिगड़ दिया है। इससे टकराने वाली हर फिल्म इस समय बॉक्स ऑफिस पर पानी भरती नजर आ रही है। चाहे वह गांधी गोडसे एक युद्ध हो या फिर साउथ सिनेमा के दो सुपरस्टार्स की फिल्में वारिसु और थुनिवु। जहां बीते दिन इन दोनों के कलेक्शन में गिरावट देखने को मिली थी वहीं इस बीच अब बॉक्स ऑफिस पर लगी चारों फिल्मों के बुधवार के कलेक्शन के आंकड़े भी सामने आ गए हैं। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनी फिल्म पठान तूफानी रफ्तार से कमाई कर रही है। फिल्म के लिए लोगों के दिलों में जो क्रेज बना हुआ है उसका असर साफ इसकी कमाई पर देखने को मिल रहा है। फिल्म की इसी ताबड़तोड़ कमाई का सिलसिला बुधवार को भी जारी रहा। पठान ने अपने 8वें दिन 18 करोड़ रुपये का कारोबार किया। पठान के कुल कलेक्शन की बात करें तो शाहरुख, दीपिका और जॉन की फिप्म ने 358 करोड़ रुपये कमा लिए हैं।

### गांधी गोडसे एक युद्ध

राजकुमार संतोषी के निर्देशन में बनी गांधी गोडसे एक युद्ध को लेकर फिल्म की रिलीज से पहले ही घमासान मचा हुआ था। हालांकि, फिल्म के लिए सबसे निगेटिव पठान से टकराना रहा है। शाहरुख खान की फिल्म के साथ ही सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली यह फिल्म पहले दिन से दर्शकों के लिए तरस रही है और 7वां दिन आते-आते तो फिल्म का हाल बेहाल हो चुका है। फिल्म ने बुधवार को महज 14 लाख रुपये की कमाई की है, जिसके बाद इसका कलेक्शन 2.25 करोड़ हो गया है।

### वारिसु

दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार थलापथी विजय ने फिल्म वारिसु से एक बार फिर दर्शकों को अपना एक्शन अवतार दिखाया है। अभिनेता का यह रूप वैसे तो फैंस को खूब भाया लेकिन अब इसके कलेक्शन में गिरावट दर्ज की गई है। फिल्म की कमाई अब लाखों में सिमटकर रह गई है। 22वे दिन वारिसु ने 71 लाख रुपये कमाए हैं, जिसके बाद इसका कुल कलेक्शन 165.4 करोड़ हो गया है।

### थुनीवु

अजीत कुमार हर बार अपनी उम्र से जुदा अवतार दिखा लोगों को चौंकना नहीं भूलते हैं। एक बार फिर अपने एक्शन अवतार से सबको अचंभित करके अजीत ने स्क्रीन पर खूब धमाल मचाया है। वारिसु के साथ रिलीज हुई थुनिवु की कमाई भी अब दिन-ब-दिन घटती जा रही है। थुनीवु ने 22वें दिन महज 53 लाख रुपये का बिजनेस किया है।

# जीवन ज्योतिष

# कुंडली में विशेष योग से बनते है धर्माचार्य, बागेश्वर धाम, करौली सरकार और पंडोखर सरकार के पास है सिद्दियां

**सामाजिक सरोकार में जो जीवन हम व्यतीत करते हैं उसमें धर्म का स्थान प्रथम होता है जिसमें हम अटूट विश्वास करते हैं वर्तमान में जो हमारे कथावाचक अथवा महात्मा जो सन्यासी या धर्मगुरु बनते है। उसमें गृह नक्षत्रों का क्या योगदान है। इस विषय पर यशभारत के लोकप्रिय कार्यक्रम जीवन ज्योतिष में आज यशभारत के संस्थापक आशीष शुक्ला ने अरुणोदय पंचाग के रचियता ज्योतिषाचार्य पं. लोकेश व्यास से विस्तृत चर्चा की। इस दौरान धर्माचार्यों की जन्मकुंडली पर विचार किया गया। ज्योतिषाचार्य पं. लोकेश व्यास के अनुसार जो भी धर्माचार्य धर्म के लिये काम कर रहे हैं उसमें बहुत सारी श्रेणियां होती हैं जैसे कथा करने वाले अलग होते हैं, भाग्य बताने वाले अलग होते हैं और जो धर्म के नाम पर आडंबर और पांखड करते हैं वो भी अलग तरह के ग्रह योग होते हैं। जीवन ज्योतिष में एक सन्याशी योग, जो आदि शंकराचार्य जी की परंपरा है। उसके नीचे पूरा भारत खड़ा है।**

**वीडियो देखने के लिए यश भारत फेसबुक पर जाएं**

**इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के इस सभी चैनलों में देखें प्रसारण**

| | |
|---|---|
| यूसीएन में | 81 |
| डिजियाना में | 91 |
| हथवे में | 598 |

youtube- yashbharat .co.in

हिन्दुस्तान में कथा वाचकों के माध्यम से हिन्दुधर्म का प्रचार प्रसार लगातार किया गया जा रहा है। जो विशेष योगों से निर्मित है।

## यह होता है सन्यास योग

ज्योतिषाचार्य पं. लोकेश व्यास ने चर्चा के दौरान सन्यास योग की चर्चा की। श्री व्यास ने कहा कि जैसे अगर कोई चक्रवर्ती सम्राट है या जिसके पास बहुत अधिक धन वैभव है, यह कुण्डली के नवम् भाव में निर्मित होता है। यहां अगर शनि बैठ जाये और किसी ग्रह की उस पर दृष्टि ना हो तो अच्छा भला आदमी जो धन वैभव से परिपूर्ण है। उसमें विरक्ति आ जायेगी , वो सन्यास की ओर बढ़ जायेगा। या कुण्डली के नवम भाव में चन्द्रमा किसी ग्रह से ग्रस्त ना हो तो व्यक्ति सब कुछ छोड़कर सन्यास की ओर जायेगा और उच्च कोटि का सन्यासी बन जायेगा। ये पहली बात है।

## आचार्य रजनीश और गौतम बुद्ध हुए ख्यातिलब्ध

दूसरी बात ये है कि प्रावज्य एक योग होता है प्रावज्य अर्थात घर से दूर चले जाना एकांत में, हम बात करें उदाहरण के लिये जबलपुर की शख्सियत आचार्य रजनीश जिन्हें ओशो के नाम से जाना जाता है इनके अष्टम भाव में पांच ग्रहों का योग था जो प्रावज्य योग बना। जिन्होंने धर्म, कर्म, उपदेशक बने। जिन्होंने विश्वविख्यात ख्याति अर्जन किया। हम गौतम बुद्ध की बात करें तो उनके दशम भाव में प्रावज्य योग और दशमेश स्वयं उस भाव में शामिल हुआ जिस कारण उनको ख्याति मिली। इसके साथ साथ कुछ योग ऐसे भी होते हैं जहां पर नवम्-पंचम योग और लग्न से योग बन जाये। शुभ ग्रहों की दृष्टि पड़ जाये तो प्रावज्य योग बनता है साथ साथ अन्य योग बनते हैं जिससे साधु सन्यासी या धर्म उपदेशक व्यक्ति बन जाता है।



**लोकप्रिय कार्यक्रम जीवन ज्योतिष में आज यशभारत के संस्थापक आशीष शुक्ला ने अरुणोदय पंचाग के रचियता ज्योतिषाचार्य पं. लोकेश व्यास से विस्तृत चर्चा**

## पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री की कुंडली



ज्योतिष दर्पण के अति विशेष विश्लेषण में ज्योतिषाचार्य पंडित लोकेश व्यास ने बताया कि किसी भी व्यक्ति की जन्म कुंडली के लिए उसकी जन्म तारीख जन्म समय और जन्म स्थान की जानकारी होना अनिवार्य है। पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री की कुंडली के विषय में उन्होंने बताया कि जैसे किसी भी व्यक्ति की कुंडली से उसके व्यक्तित्व और जीवन का अनुमान लगाया जा सकता है उसी तरह किसी के व्यक्तित्व से भी उसके ग्रहों का अनुमान लगाया जा सकता है। अरुणोदय पंचाग के रचियता लोकेश व्यास ने यशभारत के संस्थापक आशीष शुक्ला को बताया कि बागेश्वर धाम के धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री की कुंडली में निश्चित ही ग्रहों की युति स्पष्ट रूप से होगी। साथ-साथ नवमांश में चंद्र और दरेस कण में भी नवम पंचम योग जरूर हो सकता है और पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री की लग्न या चंद्र कुंडली पर किसी ना किसी तेज ग्रह की दृष्टि से भी होना चाहिए। कुंडली में बुद्ध और गुरु का ताक़तवर होना। धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री की कुंडली में स्पष्ट रूप से उनका व्यक्तित्व उनकी बोली के कारण दिखाई दे रहा है।

## यह हैं कुंडली की महत्वपूर्ण स्थितियां

ज्योतिषाचार्य पं. लोकेश व्यास ने कार्यक्रम के दौरान बताया कि ग्रहों की भी बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है अगर प्रावज्य योग में सूर्य ग्रह से कोई अस्त नहीं है ग्रह तो यह फलीभूत होता है अगर सूर्य बहुत अधिक बलवान है तो व्यक्ति जो है वह नदी किनारे रहता है। पर्वतों पर रहता है। सूर्य और शक्ति की उपासना करके धर्म का विशेष उपदेशक बन जाता है। अगर चंद्र ग्रह अधिक बलवान है तो व्यक्ति शैव परंपरा में होते हुये गुरू शिष्य परंपरा का पालन करते हुये अपने गुरू का नाम रोशन करता है। अगर मंगल ग्रह अधिक बलवान है तो व्यक्ति लाल वस्त्रों को धारण करता हुआ एकांत में और कभी कभी चिड़चिड़े स्वभाव का भी हो सकता है। बुध का अगर विशेष प्रभाव पड़ गया तो बुध वाणी का नियंत्रण कर्ता ग्रह होता है तो व्यक्ति मांत्रिक के साथ साथ तांत्रिक भी हो जाता है और लग्न पर पाप ग्रहों की दृष्टि पड़ जाये। यह ग्रहों की दृष्टि है। अगर हम शनि ग्रह की बात करें तो हिन्दुस्तान के जो नागा साधु है जो असली ताकत हिन्दुस्तान की कहनी चाहिये उनमें लगभग अगर कुण्डलियों का विश्लेषण किया जायेगा तो शनि ग्रह बेहद पॉवरफुल होगा, जिसने 12 साल की तपस्या के बाद जो नागा साधु की परंपरा है उसमें आकर नागा साधु बने और विश्व के लिये गौरव पूर्ण कार्य कर रहे हैं।

## पंडोखर धाम, बागेश्वर धाम, करौली सरकार नई परंपरा नहीं

ज्योतिषाचार्य पं. लोकेश व्यास ने कहा कि पंडोखर धाम, बागेश्वर धाम, करौली सरकार नई परंपरा नहीं है। यह अत्यंत पुरानी परंपरा है। नंदी नाडी ज्योतिष साउथ में विख्यात है। साथ ही उत्तर में भी ज्योतिष की गहन परंपरा है। जिसमें भविष्य का आंकलन किया जा सकता है। श्री व्यास ने कहा कि सिद्दियां होती है, ज्योतिष वेदों का नेत्र है और तंत्र-मंत्र से इंकार नहीं किया जा सकता।

तीनों जगह सिद्धियां है। यह सच है। सोशल मीडिया के माध्यम से देखा गया है। स्वामी विवेकानंद जी के गुरु रामकृष्ण परमहंस की कुंडली में विशेष योग थे। जिसके चलते वह मूर्ति में प्राण फूंकने वाले पहले व्यक्ति थे। जिसमें माता महाकाली को वह साक्षात भोग लगाते थे। सनातन धर्म अबूझ पहेली है।

## आसाराम बापू, राम रहीम गए जेल में

ज्योतिषाचार्य पं. लोकेश व्यास ने कहा कि प्रावज्य योग के कारण ये विश्वविख्यात हुए। लेकिन ग्रह दशाओं के कारण स्थितियां बदल जाती हैं। आसाराम बापू की कुंडली में नवम में नीच का शनि पड़ा था और वह जेल गए और बाहर नहीं आ पाए है। यह पक्की बात है।

## हिन्दुस्तान में वाक सिद्धी का प्रभाव

ज्योतिषाचार्य पं. लोकेश व्यास ने कहा कि हिन्दुस्तान में वाक सिद्धि का प्रभाव है और गुरु ग्रह की कृपा है।

# दीनदयाल बस स्टेंड में खड़ी बस से गिरे युवक की दर्दनाक मौत

**सामान रखने चढ़ा था, इलाज के दौरान तोड़ा दम**

**जबलपुर, यशभारत।** थाना माढ़ोताल अंतर्गत दीनदयाल बस स्टेंड में खड़ी बस में सामान रखते हुए युवक बस के नीचे गिर गया। आनन फानन में युवक को गंभीर हालत में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां आज अलसुबह युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। पुलिस ने मर्ग कायम कर, पूरा मामला जांच में लिया है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि स्वास्तिक अस्पताल जबलपुर से सूचना मिली कि सतीश सेन 35 वर्ष निवासी जटाशंकर कालोनी बजरिया वार्ड दमोह दीनदयाल बस सटेण्ड के अंदर कल शाम को खड़ी बस में सामान जमाते हुये बस के नीचे गिर गया। जिसके बाद परिजनों द्वारा एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था उपचार के दौरान युवक की दर्दनाक मौत हो गयी।

## वरिष्ठ पत्रकार श्री सरदार कादरी का निधन



**जबलपुर** मदन महल दरगाह के सज्जादानशीन एवं वरिष्ठ पत्रकार मीडिया प्रभारी श्री सरदार अली कादरी का निधन उनके निजनिवास गढ़ा मुजावर मुहल्ला में हो गया है। उनकी मैय्यत (मिट्टी) दिन में दोपहर 2 बजे मदन महल दरगाह जाएगी एवं वही सुपूर्द खाक किया जाएगा। श्री कादरी 2009 में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर से सेवानिवृत्त हुए थे। श्री कादरी नागरी लिपि परिषद नई दिल्ली की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य भी रहे।




**उन्नीसवीं पुण्यतिथि** 02.02.2023

आज आपकी उन्नीसवीं पुण्यतिथि पर हम सपरिवार आपको श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं।

विनम्र श्रद्धांजलि- सुरेश सोनी (पति), सचिन सोनी (पुत्र) एवं समस्त नागौद परिवार जबलपुर

फर्म- नागौद आभूषण, नागौद लॉज, न्यू नागौद लॉज

फोन- 0761- 2408591, 2610091, 4013771

मो.- 9424925767, 9424925768

श्रीमति गीता देवी सोनी
स्वर्गवास 2.2.2004

पता- 178, लार्डगंज कठियाना, शहीद स्मारक जबलपुर








स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर, 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. Email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)